


हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 291 | हापुड़ , बुधवार 07 मई 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06


## मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र,जाति जनगणना पर दिए सुझाव



नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र के जरिए पीएम मोदी को कुछ सुझाव भी दिए हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर पत्र शेयर करते हुए लिखा, 卐जाति जनगणना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेरा पत्र। मैंने 16 अप्रैल, 2023 को आपको पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग को आगे बढ़ाया था। अफसोस की बात है कि मुझे इस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला। दुर्भाग्य से, आपकी पार्टी के नेताओं और आपने इस वैध मांग को उठाने के लिए कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर हमला किया, जिसे आप आज स्वीकार करते हैं कि यह गहरे सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के हित में है। आपने अब घोषणा की है कि अगली जनगणना (जो 2021 में होनी थी) में जाति को एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जाएगा, लेकिन इसके विवरण नहीं दिए। मेरे पास आपके विचार के लिए तीन सुझाव हैं। उन्होंने आगे बताया, जनगणना प्रश्नावली का डिजाइन महत्वपूर्ण है। गृह मंत्रालय को तेलंगाना मॉडल से प्रेरणा लेनी चाहिए, प्रश्नावली को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया और पूछे गए सवालों के सेट दोनों के लिए। जाति जनगणना के परिणाम जो भी हों, यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मनमानी सीमा को संविधान संशोधन के माध्यम से हटाया जाना चाहिए। संविधान में अनुच्छेद 15(5) को 20 जनवरी, 2006 से लागू किया गया था। इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 29 जनवरी, 2014 को लंबी सुनवाई के बाद इसे बरकरार रखा गया। यह निजी शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करता है। इसे लागू करना चाहिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना जैसी कोई भी प्रक्रिया जो हमारे समाज के पिछड़े, उत्पीड़ित और हाशिए पर पड़े वर्गों को उनके अधिकार प्रदान करती है, उसे किसी भी तरह से विभाजनकारी नहीं माना जा सकता और न ही माना जाना चाहिए। हमारा महान राष्ट्र और हमारे बड़े दिल वाले लोग हमेशा जरूरत पड़ने पर एकजुट हुए हैं, जैसा कि हमने हाल ही में पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमलों के बाद किया है। उन्होंने आगे कहा, 卐भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मानना है कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में दिए गए सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा स्थिति और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए ऊपर बताए गए व्यापक तरीके से जाति जनगणना कराना अत्यंत आवश्यक है। मुझे विश्वास है कि मेरे सुझावों पर आप गंभीरता से विचार करेंगे। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जल्द ही सभी राजनीतिक दलों के साथ जाति जनगणना के मुद्दे पर चर्चा करें।

## नोएडा - गोल्फकोर्स मेट्रो स्टेशन पर युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी




नोएडा । उत्तर प्रदेश के नोएडा में थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक 25 वर्षीय युवती ने चलती मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर दोपहर बाद करीब दो बजे घटी, जिससे वहां मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान सिम्मी पुत्री राजीव रंजन के रूप में हुई है, जो वर्तमान में गेट नंबर 1, सचिन डेरी के निकट, सलारपुर, थाना सेक्टर 39 में रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 39 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की प्रक्रिया पूरी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन घटना के पीछे की वजह जानने के लिए जांच जारी है। मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और उनसे पूछताछ भी की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों को स्पष्ट किया जा सके। घटना के चलते कुछ समय के लिए मेट्रो सेवाएं प्रभावित रहीं, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। मौके पर मौजूद यात्रियों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि कोई अन्य पहलू सामने आ सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान आने के बाद ही पूरे मामले की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। थाना सेक्टर 39 पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आत्महत्या की वजह जानने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर विचार कर रही है। लड़की का बैग और उसके जूते बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर दो दिन में 14 घोड़े-खच्चरों की मौत, 24 घंटे के लिए उनके संचालन पर रोक

देहरादून । केदारनाथ पैदल मार्ग पर दो दिन में 14 घोड़े-खच्चरों की संदिग्ध हालात में मौत के बाद उनके संचालन पर फिलहाल 24 घंटे की रोक लगा दी गयी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घोड़े-खच्चरों की मौत की सूचना मिलने के बाद सोमवार रात रुद्रप्रयाग पहुंचे पशुपालन सचिव डॉ.बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने जिला प्रशासन के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि फिलहाल यात्रा के लिए घोड़े-खच्चरों का संचालन फिलहाल 24 घंटे के लिए रोका गया है। इस संबंध में, पुरुषोत्तम ने बताया कि रविवार को आठ और सोमवार को छह घोड़े-खच्चरों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि उनकी मौत का कारण 'एक्वाइन इन्फ्लूएंजा' नहीं लग रहा है और प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि उनकी मौत संभवतः किसी बैक्टीरियल संक्रमण की वजह से हुई है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों की जांच के लिए केंद्र सरकार तथा हरियाणा के हिसार से टीम पहुंच रही हैं। अधिकारी ने बताया कि अगर किसी घोड़े में नाक बहने जैसे लक्षण दिखाई देंगे तो उसका आरटीपीसीआर परीक्षण कराया जाएगा और उसे पृथक-वास केंद्र में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर उसकी रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि नहीं होती है तो ही यात्रा में संचालन की अनुमति दी जाएगी। पुरुषोत्तम ने बताया कि एक माह पहले चार अप्रैल को घोड़ों में 'एक्वाइन इन्फ्लूएंजा' के लक्षण मिले थे जिसके बाद 30 अप्रैल तक 26 दिन में रिकॉर्ड 16 हजार घोड़ों की जांच की गई थीं। उन्होंने बताया कि इनमें से 152 घोड़े-खच्चरों के नमूनों की जांच में संक्रमण की पुष्टि हुई थी लेकिन इनके आरटीपीसीआर की जांच में पुष्टि नहीं हुई। साढ़े 11 हजार फुट से अधिक की उंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए करीब 16 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। हालांकि, चढ़ाई वाले इस रास्ते को तय करने के लिए कुछ श्रद्धालुओं को पिट्ठू, पालकी या घोड़े-खच्चरों का सहारा लेना पड़ता है।

## हम मॉक ड्रिल के लिए तैयार सीएम रेखा बोलीं- गृह मंत्रालय केनिर्देश का होगा पालन, दिल्ली में बढ़ी सुरक्षा



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि आपात स्थितियों में नागरिकों को तैयार किया जा सके। राजधानी दिल्ली में भी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। वहीं गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान सामने आया है। वहीं दिल्ली के कनॉट प्लेस में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों को चौबीसों घंटे बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक नई तकनीक का सबस्टेशन है। यह दिल्ली के परिवेश के अनुकूल है। देश भर में मॉक ड्रिल करने के गृह मंत्रालय के आदेश पर उन्होंने कहा कि दिल्ली इसके लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली के लोग और सरकार देश के साथ हैं और हम केंद्र सरकार के हर निर्देश का पालन कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कई राज्यों को 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने के गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि 1971 के बाद पहली बार ऐसी घोषणा की गई है।

हम इसके लिए तैयार हैं। दिल्ली के लोग पूरे दिल से पीएम नरेंद्र मोदी और उनके आह्वान के साथ हैं। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सिविक एजेंसियों और सरकार द्वारा एनडीएमसी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आगे कहा कि हमने सभी को एक संदेश दिया है कि दिल्ली में सफाई अभियान को दुरुस्त करने के लिए सबको अब सड़कों पर उतरना होगा। सभी इस स्वच्छता अभियान में जुड़कर एक बेहतर दिल्ली, सुंदर दिल्ली को सामने लाने का प्रयास करें। मैं समझती हूं कि साफ दिल्ली लोगों का अधिकार है।

## अखिलेश यादव का केंद्र पर निशाना, अगर बुंदेलखंड में मिसाइलें बनी होतीं तो...



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे बुंदेलखंड में मिसाइलें बन गई होतीं, तो हमें रूस से नहीं मंगानी पड़ती। अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जमीन और कम होती जा रही है, नेताजी हमेशा कहते थे कि जमीन सिकुड़ रही है। इसलिए हमारे किसानों के साथ धोखा न हो, जो उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर किसानों की जमीनें छीनी जा रही हैं, समाजवादी पार्टी की मांग है कि किसानों को बाजार की कीमत मिलनी चाहिए। सपा प्रमुख ने कहा कि यह सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीन रही है, मजदूर भाइयों को कोई सुविधा नहीं दे रही है।

सरकार झांसी और बुंदेलखंड में मिसाइल बना रही थी, लेकिन हकीकत यह है कि सुतली बम तक नहीं बना पाई। अगर मिसाइल बनाने लगते तो हमें दूसरे देशों से हथियार खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती। सरकार, जाति विशेष खासकर समाजवादियों को परेशान कर रही है, लेकिन मैं कह रहा हूं, जिसको पीड़ा है, उसके साथ पीड़ा है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार जेपीएनआईसी को बेचना चाह रही है तो हम यह कहना चाहते हैं कि सभी समाजवादी मिलकर जेपीएनआईसी को लेना चाहते हैं। जब सबकुछ बिक रहा है तो अब बसें भी बिकेंगी। भाजपा एसेट्स बनाना नहीं जानती, वह बस बेचने में लगी है। जिस दिन चाहेंगे, साक्षी महाराज समाजवादी पार्टी में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों के अधिकारों को छीन रही है। उनको कोई सिक्योरिटी और सेफ्टी नहीं दे रही। उनकी समस्याओं का समाधान भी नहीं कर रही। जिस तरीके से किसानों का शोषण चरम सीमा पर है, उससे भी ज्यादा हमारे मजदूरों का शोषण है। अलग-अलग तरीके से सरकार मजदूरों से काम भी ले रही है। लेकिन, उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए, जो उनके अधिकार हैं, उनके तहत सुविधा मिलनी चाहिए, वह भी सरकार नहीं दे रही है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भविष्य में समाजवादी पार्टी मजदूरों की लड़ाई लड़ेगी। किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। उनसे जबरन कागज पर हस्ताक्षर नहीं कराने चाहिए। उनका हक किसी कीमत पर नहीं छीना जाना चाहिए। विस्थापित किसानों को सरकार ने जमीन नहीं दी है। उन्हें जमीन उपलब्ध करानी चाहिए।

## हरियाणा सरकार यातायात की भीड़ को कम करने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध -सीएम सैनी




चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनसीआर क्षेत्र में आठ नमो भारत कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिसके तहत तीन कॉरिडोर वर्तमान में चरण-ढ्ढ में कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ (82 किमी), दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी (105 किमी) और दिल्ली-पानीपत-करनाल (136 किमी) मार्ग शामिल हैं। बैठक में हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह भी शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात की भीड़ को कम करने, क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने और हरियाणा के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ाने में नमो भारत कॉरिडोर (आरआरटीएस) की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली-एसएनबी और दिल्ली-करनाल परियोजनाओं के लिए मंजूरी में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि उनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के एमडी श्री शलभ गोयल ने दो नमो भारत कॉरिडोर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर ने 55 किलोमीटर सेक्शन पर सफल संचालन रहा है और लोगों की अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि नमो भारत कॉरिडोर का डिजाइन भविष्य के लिए तैयार होना चाहिए और सिस्टम की उपयोगिता बढ़ाने के लिए मेट्रो सिस्टम के साथ कुशल एकीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत-करनाल कॉरिडोर से संबंधित अलाइनमेंट , स्टेशनों और भूमि आवश्यकताओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को परियोजनाओं की शीघ्र शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर के अलाइनमेंट की भी समीक्षा की और अधिकारियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक अनुमोदन और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि नमो भारत ट्रेन लगभग 1 घंटे में 90 किमी की दूरी तय करते हुए हाई स्पीड कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है। यह गाजियाबाद और गुरुग्राम के बीच यात्रा के समय को सड़क मार्ग से 100 मिनट से घटाकर सिर्फ 37 मिनट कर देगा। यह हरियाणा से दिल्ली हवाई अड्डे तक तेज़ और सीधी पहुँच भी प्रदान करेगा। नमो भारत ट्रेन की अधिकतम डिज़ाइन गति 180 किमी प्रति घंटा है, जिसमें 5-10 किमी की अंतर-स्टेशन दूरी और हर 5-10 मिनट में ट्रेन की आवृत्ति है। इसमें प्लेटफ़ॉर्म स्क्रीन डोर और स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली भी होगी। बैठक में सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, सीएम के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस- टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और शहरी संपदा विभाग ए.के. सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## अब भारत का पानी देश के हक में बहेगा - प्रधानमंत्री मोदी




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अब भारत का पानी देश में ही रहेगा, जो पहले बाहर जा रहा था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नदियों को जोड़ने का काम शुरू किया है। एबीपी के इंडिया 2047 समिट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बदलते भारत का सबसे बड़ा सपना है- 2047 तक विकसित भारत। देश के पास सामर्थ्य है, संसाधन हैं और इच्छाशक्ति भी है। उन्होंने कहा कि दशकों तक हमारी नदियों के पानी को तनाव और झगड़े का विषय बनाकर रखा गया, लेकिन हमारी सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर नदियों को जोड़ने का एक महाअभियान शुरू किया है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती-कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना, इनसे लाखों किसानों को फायदा होगा। वैसे आजकल तो मीडिया में पानी को लेकर काफी चर्चा चल रही है। पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था, अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा, भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा। उन्होंने देश की युवा शक्ति और महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी को बदलते भारत का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि यह उपस्थिति अपने आप में अनोखी है और यह दर्शाती है कि भारत अब हर क्षेत्र में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है।

इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने एक और ऐतिहासिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुछ देर पहले उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से बातचीत की और भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा, विश्व की दो बड़ी और ओपन मार्केट इकोनॉमी के बीच यह समझौता दोनों देशों के विकास में नया अध्याय जोड़ेगा। यह व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और रोजगार, निवेश और नवाचार के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि देश की उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जाए। एक समय था, जब फैसले लेने से पहले इस बात की चिंता की जाती थी कि दुनिया क्या कहेगी या वोटबैंक पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, भांति-भांति के स्वार्थों के कारण बड़े फैसले और रिफॉर्म्स टलते रहते थे, लेकिन बीते एक दशक में भारत ने राष्ट्र प्रथम की नीति को अपनाया है और आज हम इसके सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं।

## अटारी बॉर्डर पर मेरठ की सना से अलग हुए बेटा-बेटी, पति को सौंपे जिगर के टुकड़े; फूट-फूट कर रोयी



उत्तर प्रदेश के मेरठ की सना अटारी बॉर्डर पर अपने 2 मासूम बच्चों को पाकिस्तानी पति को सौंपने के बाद फूट-फूट कर रोयी। पाकिस्तान के कराची निवासी एक डॉक्टर से विवाह करने वाली सना को बच्चों से अटारी सीमा पर जुदा होना पड़ा। सना के साथ गए उसके परिजनों ने मंगलवार को बताया कि पाकिस्तानी नागरिकता धारक बच्चों को सीमा पार भेजने के बाद सना फूट-फूट कर रो पड़ी।अधिकारियों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले माह 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 नागरिकों के मारे जाने के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तभी शुरू हो गई थी। सरकारी निर्देश के अनुसार जो पाक नागरिक जिले में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे हैं वही नागरिक यहां रह सकेंगे, लेकिन अल्पकालिक वीजा पर आये पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया।परिजनों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए जाने के बाद सोमवार को सना ने अपने 3 साल के बेटे और एक साल की बेटी को अटारी सीमा पर पति को सौंपा। बच्चों के पास पाकिस्तानी पासपोर्ट है, जबकि सना अब भी भारतीय नागरिक हैं। सना ने कहा, सरकार से सवाल है कि मां और बच्चों को क्यों अलग किया जा रहा है। मेरा क्या दोष है।सना की शादी 2020 में कराची निवासी बिलाल से हुई थी। उनका कहना है कि पाकिस्तान की नागरिकता प्राप्त करने में अभी चार वर्ष और लगेंगे। वहीं इस बारे में पूछने पर थाना सरधना के प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि दो दिन पहले हमने सरकारी आदेश के अनुसार सना को बता दिया था कि बच्चों को वापस छोड़ आओ, जिसके बाद सना अपने बच्चो को सीमा पर कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण कर छोड़ आई है।

# संपादकीय

## ये कैसा ट्रोल, जिसका नहीं है कोई मोल

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत ने पूरे देश को झकझोर दिया। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने इस दुखद घटना के बाद एक बेहद संवेदनशील और साहसिक बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे नहीं चाहतीं कि इस घटना को आधार बनाकर मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत फैलाई जाए। उनकी अपील थी कि समाज में शांति बनी रहे और दोषियों को न्याय मिले। बावजूद इसके, हिमांशी को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। उन्हें अभद्र टिप्पणियों और हिंसा की धमकियों का शिकार बनाया गया। यह न केवल अफसोसजनक है, बल्कि समाज के गिरते नैतिक मूल्यों का प्रतीक भी है। इसी तरह, नैनीताल में एक बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरीं शैला नेगी को भी सोशल मीडिया पर भद्दी टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों से भिड़ने का उनका वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें रेप तक की धमकियां दी गईं। यह स्थिति दिखाती है कि आज सोशल मीडिया, जो संवाद और जागरूकता का एक शक्तिशाली माध्यम हो सकता है, अभद्रता और असहिष्णुता का मंच बन गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत हर नागरिक को वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। यह अधिकार लोगों को अपने विचारों और राय को व्यक्त करने की स्वतंत्रता देता है। हालांकि, इसके तहत किसी अन्य व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और सम्मान को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद, सोशल मीडिया पर लोग अक्सर इस सीमा का उल्लंघन करते हैं। ट्रोलिंग, अभद्र भाषा, और धमकियां इस मंच पर आम होती जा रही हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का बढ़ता चलन न केवल व्यक्तियों के मनोबल को तोड़ता है, बल्कि समाज में असमानता और अस्थिरता को भी बढ़ावा देता है। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी जैसी साहसी महिलाओं का ट्रोलिंग का शिकार होना इस बात का प्रमाण है कि आज लोग असहमति को व्यक्त करने के लिए भी शालीनता और मर्यादा का पालन नहीं करते। सोशल मीडिया का दुरुपयोग हमारे समाज में नैतिक मूल्यों की गिरावट को दर्शाता है। यह मंच, जो जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने का साधन हो सकता है, अक्सर नफरत, गलत जानकारी और निजता के उल्लंघन का जरिया बन जाता है। लोग बिना सोचे-समझे अपनी निजी जानकारी साझा करते हैं, जो उनकी सुरक्षा और गरिमा को खतरे में डालता है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर हिंसा और अभद्र भाषा का प्रसार समाज और देश के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यह जरूरी है कि सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। आज हम अपने स्वार्थों को भुनाने के लिए सोशल मीडिया पर नैतिक मूल्यों को, हमारे आदर्शों को, हमारी सनातन संस्कृति को लगातार त्याग रहें हैं,इसका सही उपयोग तभी संभव है जब हम दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का सम्मान करें। यह ध्यान रखना होगा कि इस मंच पर साझा किए गए विचारों का प्रभाव व्यापक और दूरगामी होता है। सोशल मीडिया पर झूठी सूचनाओं और अभद्र सामग्री का प्रसार रोकने के लिए प्लेटफॉर्म्स को ठोस कदम उठाने चाहिए। सामाजिक संवाद और समानता बनाए रखने के लिए यह भी आवश्यक है कि उपयोगकर्ता सहानुभूति और नैतिकता का पालन करें। सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को समझते हुए इसका उपयोग करें। यह समझना जरूरी है कि इस माध्यम का उद्देश्य समाज में समानता, जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाना है, न कि असहमति और नफरत को बढ़ावा देना। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी जैसे व्यक्तियों का समर्थन करना और उनके साहस को सराहना हमारे समाज की जिम्मेदारी है। यह न केवल उन्हें प्रोत्साहित करेगा, बल्कि अन्य लोगों को भी अन्याय और असमानता के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करेगा। सोशल मीडिया को एक ऐसा मंच बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं, जहां लोग खुलकर अपनी राय व्यक्त कर सकें, लेकिन गरिमा और मर्यादा के साथ। आज समय की मांग है कि सोशल मीडिया के सही उपयोग के लिए सख्त दिशा-निर्देश बनाए जाएं और उनका पालन सुनिश्चित किया जाए। प्लेटफॉर्म्स को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वे गलत सूचनाओं और नफरत भरे कंटेंट को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी करें। इसके साथ ही, आम जनता को भी सोशल मीडिया के प्रभाव को समझते हुए इसका उपयोग सावधानीपूर्वक करना होगा। इ

स डिजिटल युग में, सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। इसे नफरत और धमकियों का मंच बनाने के बजाय, हमें इसे संवाद, समानता और सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाना चाहिए। हिमांशी नरवाल और शैला नेगी जैसी महिलाओं की आवाज को दबाने के बजाय हमें उनका साथ देना चाहिए, ताकि हमारे समाज में सहिष्णुता और न्याय की भावना बनी रहे।

## 07 मई 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 05.36 प्रात।
सूर्यास्त 07.00 सायं।
चंद्र उदय- 02.29 दोपहर।
चंद्र अस्त- 03.04 रात्रि।
सूर्य राशि- मेष।
चंद्रमा- सिंह राशि में रात्रि 12.57 तक।
विक्रम समवत 2082 शक संवत-1947,चंद्र माह- वैशाख, अमांत,बैशाख पूर्णिमांत, वैदिक ऋतु-वसंत, पक्ष-शुक्ल पक्ष 25, तिथि-दशमी प्रात-10.19 तक तदुपरांत एकादशी। वार- बुधवार। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी सायं–06–17 तक तदुपरांत उत्तराफाल्गुनी, करण-ग़र रात्रि 10.19 तक वणिज रात्रि 11.21 तक तदुपरांत विष्टी भद्रा, योग व्याघात रात्रि -01.05 तक अमृत काल प्रात-11.14 से दोपहर 01.00 बजे तक, रवि योग प्रात -05.36 से सायं 06.17 तक विजय मुहुर्त दोपहर -02.32 से 03.26 तक,राहुकाल दोपहर -12.18 से 01.58 तक, गुलिक काल प्रात-10.37 से 12.18 तक, यमगंड प्रात -07.16 से 08.57 तक, दुमुहूर्त प्रात -11.51 से 12.45 तक, भद्रा - रात्रि 1121 से प्रात - 05.35 तक,दिशा शूल– उत्तर।
ब्रह्म मुहूर्त-प्रात - 04.11 से 04.53 तक



आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

## 07 मई 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- खिलाड़ी है तो परफॉर्मेंस बिगड़ सकती है फिटनेस खराब सम्भव है, जॉब में मुश्किल शुरू होगी, मार्केटिंग द्वारा आर्थिक लाभ होगा, मन को मजबूत करे।
भाग्य प्रतिशत-51

वृषभ-व्यवसाय का प्रोमोशन करेंगे, फिल्म से आय होगी, कोयला, मदिरा, जल, रेस्टोरेंट चलेगा, इंजीनियर है तो मशीन ठीक करने में समय जाएगा।
भाग्य प्रतिशत-59

मिथुन- कम्प्यूटर कार्य की नौकरी मिल सकती है, किराया उतारने में मुशिकल होगी, बेकरी व्यवसाय करते है तो उन्नति होगी, सामाजिक दायरा बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-56

कर्क-प्रोजेक्ट रुक सकता है, निवेश सोच समझकर करें, कुटुम्ब के लोगों से मतभेद है तो मधुर समबन्ध बनाने का प्रयास करें, बैंकिंग कार्य में भूल ना करें।
भाग्य प्रतिशत-48

सिंह- व्यवसायिक लाइसेंस प्राप्त करना चाहेंगे, हड्डी का ऑपरेशन बोला था, अब कराना पड़ेगा, बुरी लत से परेशानी होगी, निर्णय लेने में बहुत सोचेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

कन्या- अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए कुछ खर्चा करेंगे, इन्टरनेट पर
नौकरी पाने के लिए ज्यादा खोज करनी पड़ेगी, परिवार की विशेष जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

तुला- कोई केस दाखिल करने के लिए मन बना सकते है, जहां काम करते है वहाँ ईमानदार रहे, रिस्क व्यवसाय करते है तो बड़ी उपलब्धि मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-71

वृश्चिक- करियर में लाभ होगा, विपरित परिस्थिति भी कार्य दिलाएगी, शस्त्र कार्य, ठेकेदारी, सामाजिक संगठन से जुड़ाव उन्नति देगा।
भाग्य प्रतिशत-75

धनु- अकाउंट, आबकारी, कस्टम क्षेत्र में प्रगति करेंगे, भगवान का धन्यवाद देंगे कोई कार्य अच्छा होगा, थोड़ा पैसा खर्चा होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

मकर- बच्चे की शिक्षा शुरू होगी, प्रतिष्ठा बढ़ेगी, कुछ प्लान गुप्त रखकर चले, रिजल्ट अच्छा आएगा, आर्थिक दृष्टि से समय अच्छा शुरू होगा।
भाग्य प्रतिशत-61

कुम्भ- व्यवसायिक झगडे बढ़ सकते है, शांति से सुलझाए, पति को टेंशन बढ़ेगी, धर्म कर्म से विमुख हो सकते हैं, कहीं से पलायन हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-48

मीन- अहंकार ना रखें, संतान की तबियत, शिक्षा और व्यर्थ घूमने का ध्यान रखें, कमर्शियल प्रोपर्टी अभी ना खरीदे ना बेचे, होटल कार्य से कुछ आय होगी।
भाग्य प्रतिशत-51

# विराट कोहली की 'ऑरेंज कैप' पर संकट, साई सुदर्शन और सूर्यकुमार यादव में कौन मारेगा बाजी



नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में हर एक मैच के साथ ऑरेंज कैप की रेस में खिलाड़ियों के समीकरण बदल रहे हैं। कभी आरसीबी के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में आगे बढ़ जाते हैं तो कभी गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुंदर्शन। अब इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी हैं। आईपीएल 2025 में विराट कोहली अपनी लय में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं और वह इस रेस में पहले पायदान पर हैं। दूसरे नंबर पर जीटी के बल्लेबाज साई सुदर्शन और तीसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव हैं। मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला होना है। भारतीय समयानुसार, शाम 7–30 बजे से मैच का प्रसारण शुरू होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। प्लेऑफ की रेस में अपनी सीट सुरक्षित करने के लिए दोनों टीमों के लिए दो अंक जरूरी हैं।दूसरी ओर, इस मैच में जीटी के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन विराट कोहली से आगे निकल सकते हैं। विराट कोहली से ऑरेंज कैप की रेस में आगे निकलने के लिए साई सुदर्शन को महज दो रन चाहिए। साई ने इस सीजन काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। एक सलामी बल्लेबाज के तौर पर उन्होंने कप्तान शुभमन गिल का भरपूर साथ दिया है। उनकी बल्लेबाजी और दमदार साझेदारी के दम पर जीटी विपक्षी टीमों के सामने बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही है।
साई सुदर्शन ने 10 मैचों में 504 रन बनाकर दूसरे पायदान पर हैं। मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 475 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अगर आज उनका भी बल्ला चलता है, तो वह भी ऑरेंज कैप की रेस में बाजी मार सकते हैं। बता दें कि इस सीजन विराट कोहली के बल्ले से काफी रन बरस रहे हैं। विराट ने 11 मैचों में 7 हाफ सेंचुरी लगाई हैं। इससे पहले आईपीएल 2016 के सीजन में विराट ने सात अर्धशतक लगाए थे और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। विराट के बल्ले से 973 रन आए थे।

## भक्ति में लीन दिव्यांका त्रिपाठी ने की सत्यनारायण पूजा, अपनों और फैंस केलिए मांगी खास दुआ



मुंबई । दिव्यांका त्रिपाठी टीवी की टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह सोशल मीडिया पर फैंस से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस अपनी जिंदगी से जुड़े सभी पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में दिव्यांका अपने पति विवेक दहिया के साथ घर में सत्यनारायण की पूजा करती नजर आ रही हैं। उनके सामने हवन कुंड की अग्नि जल रही है। दोनों हाथ जोड़कर भगवान का ध्यान कर रहे हैं। अन्य तस्वीरों में भगवान सत्यनारायण की तस्वीर, पूजा सामग्री और प्रसाद भी देखा जा सकता है।
लुक की बात करें तो दिव्यांका ने आसमानी रंग का सूट पहना है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं विवेक ने पीच कलर का कुर्ता पहना है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए दिव्यांका ने कैप्शन में लिखा- मैं अपने दोस्तों, परिवार और तुम्हारे लिए, (जो ये पढ़ रहे हों) आशीर्वाद मांग रही हूं। दुआ है कि हम सबको जीवन में सही राह मिले। हम बेहतर इंसान बनें। हम अपने जीवन और अस्तित्व की अहमियत समझें। जो लोग हमसे प्यार करते हैं, हम उनकी कद्र करें और हम अच्छे कर्मों में विश्वास रखें। दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों टीवी से दूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी किस्मत आजमा रही हैं। अभिनेत्री सोनी लिव की सीरीज %अदृश्यम– द इनविजिबल हीरोज% में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें वह अंडरकवर एजेंट पार्वती सहगल के किरदार में नजर आई थीं। यह सीरीज एजेंसी आईबी47 पर बनी है। अभिनेत्री की आखिरी रिलीज वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शिरी में भी दिखी थीं। वहीं, विवेक दहिया झलक दिखला जा के 11वें सीजन में दिखे थे। रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज में भाग लेने के साथ दिव्यांका ने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद अभिनेत्री ने %बनूं मैं तेरी दुल्हन में काम किया था। अभिनेत्री खाना खजाना, नचले वे विद सरोज खान, जोर का झटका– टोटल वाइप आउट, कॉमेडी सर्कस, नच बलिए 8% और फियर फैक्टर– खतरों के खिलाड़ी जैसे शो में भी भाग ले चुकी हैं।

## करियर में पहली बार सितारे ज़मीन पर के जरिए सीक्वल कर रहे हैं आमिर खान




मुंबई, । बॉलीवुड के जानेमाने स्टार और फिल्मकार आमिर खान अपने तीन दशक से अधिक लंबे सिने करियर में पहली बार सितारे ज़मीन पर के जरिए सीक्वल में काम कर रहे हैं। 'सितारे ज़मीन पर' का पोस्टर आते ही लोगों को इस मच बहुतप्रतीक्षित फिल्म की पहली झलक मिल गई है। इससे फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है, और सबसे बड़ी बात यह है कि आमिर खान काफी समय बाद बड़े पर्दे पर इस फिल्म के जरिए लौट रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि जिस तरह पहली फिल्म लोगों के दिलों में खास जगह रखती है, वैसे ही ये आमिर खान के करियर की पहली सीक्वल फिल्म है और वह भी पहली बार। आमिर खान ने अब तक कभी किसी फिल्म का सीक्वल नहीं किया। भारतीय सिनेमा जगत को कई ब्लॉकबस्टर देने के बावजूद वो किसी भी सीक्वल का हिस्सा नहीं बने, लेकिन सितारे ज़मीन पर उनकी फिल्मोग्राफी की पहली सीक्वल फिल्म होगी, जो इसे और भी खास बना देती है। सितारे ज़मीन पर, 2007 में आई तारे ज़मीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल है। सितारे ज़मीन पर के ज़रिए आमिर खान प्रोडक्शंस 10 नए चेहरों को लॉन्च कर रहा है। इनमें आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने किया है।आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी सितारे ज़मीन पर में आमिर खान और जेनेलिया डिसूज़ा अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और संगीत शंकर-एहसान लॉय ने दिया है। इसकी स्क्रिप्ट दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है, जबकि रवि भगचंदका भी निर्माता के तौर पर जुड़े हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## पवनदीप राजन हेल्थ अपडेट आईसीयू में सिंगर, टीम ने बताया अब कैसी है हालत



मुंबई, । सड़क हादसे में घायल हुए 'इंडियन आइडल 12' के विजेता सिंगर पवनदीप राजन की टीम ने सोशल मीडिया पर ऑफिशियल बयान जारी कर हेल्थ अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि राजन की हालत अब बेहतर है। वह आईसीयू में हैं और उनके शरीर में कई फ्रैक्चर हैं। पवनदीप राजन की टीम ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर उनके प्रशंसकों को जानकारी देते हुए बताया, 卐जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पवनदीप राजन 5 मई की सुबह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के पास एक दुखद सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। वह एक कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद की फ्लाइट पकड़ने के लिए दिल्ली जा रहे थे। हादसे के बाद उन्हें एक पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया, लेकिन बाद में उन्हें दिल्ली एनसीआर के एक अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया। उन्हें कई फ्रैक्चर के साथ चोटें भी लगी हैं। टीम ने बताया कि सोमवार का दिन राजन के परिवार के लिए भारी था। उन्होंने आगे बताया, 卐कल का दिन परिवार और उनके सभी शुभचिंतकों के लिए मुश्किल और कष्टदायक रहा। पूरे दिन वह दर्द और बेहोशी से जूझते रहे। हालांकि, बहुत सारी जांच हुई और निदान के बाद उन्हें शाम 7 बजे के करीब ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया और 6 घंटे बाद सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। फिलहाल वह आईसीयू में हैं। 3-4 दिन के आराम के बाद कुछ जरूरी ऑपरेशन किया जाएगा। टीम ने प्रशंसकों और शुभचिंतकों का आभार जताते हुए आगे लिखा, यह उनके सभी प्रशंसकों, परिवार, मित्रों और विश्वभर के शुभचिंतकों के आशीर्वाद और समर्थन का ही परिणाम है कि वह अब बिल्कुल ठीक हैं। पवन को अपनी प्रार्थनाओं में रखने के लिए आप सभी का शुक्रिया। बता दें, हादसे में पवनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके चालक राहुल सिंह और साथी अजय मेहरा भी चोटिल हुए। तीनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसा सोमवार तड़के 3–30 बजे के आसपास हुआ। जिसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। पवनदीप ने सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के 12वें सीजन से अपने करियर की शुरुआत की थी और जीत की ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह कई म्यूजिक वीडियोज में अपनी आवाज दे चुके हैं। उनके पास अपना म्यूजिक स्टूडियो भी है, जिसमें वह नए-नए गाने रिकॉर्ड करते हैं। वह सिंगिंग के साथ-साथ तबला, गिटार और ढोलक जैसे कई इंस्ट्रूमेंट्स बजाने में माहिर हैं।

## इवा जोविक और एमिलियो नवा को फ्रेंच ओपन का वाइल्ड कार्ड



पेरिस, । 17 वर्षीय इवा जोविक और 23 वर्षीय एमिलियो नवा को 25 मई से पेरिस में शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। महिलाओ की विश्व रैंकिंग में 120वें स्थान पर काबिज जोविक लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेगी वह पिछले सितंबर में अमेरिकी ओपन और जनवरी में दूसरे दौर में पहुंचीं थी पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर मौजूद नवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे। उन्होंन इससे पहले 2023 में क्वालीफाइंग के जारी मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। वह 2022 और 2023 में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में भी सफल रहे थे।

## ममता में लिपटी मेट क्वीन कियारा, ड्रेस देख बोलीं रकुल प्रीत सिंह- 'सुंदर मम्मा'



मुंबई, । बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में एंट्री की। उन्होंने अपने लुक से खूब लाइमलाइट लूटी। जिसने भी उन्हें देखा, बस देखता ही रह गया। कियारा ने अपने इस लुक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर भी शेयर की हैं, जिस पर फैंस के साथ-साथ कई हस्तियां भी कमेंट कर रही हैं। वहीं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने उन्हें 'सुंदर मम्मा' का टैग दिया। कियारा जल्द मां बनने वाली हैं। वह अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी को एन्जॉय कर रही हैं और इसी खास पलों की भावनाओं को उन्होंने मेट गाला में अपनी ड्रेस के जरिए दिखाने की कोशिश की। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में कियारा ब्लैक कलर के ऑफ-शोल्डर गाउन में नजर आ रही हैं। इस ड्रेस में एक खूबसूरत भावना छिपी हुई है। गाउन में गोल्डन ब्रेस्टप्लेट है, जिसे चेन के साथ नीचे बने एक दिल से जोड़ा गया है। यह चेन गर्भनाल को दर्शाती है, जो एक बच्चे को उसकी मां से जोड़ती है। इस ड्रेस को गौरव गुप्ता ने डिजाइन किया था। इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कियारा ने कैप्शन में लिखा- 'मई में मां का पहला सोमवार।' उनकी इस पोस्ट पर 'बेगम जान' की एक्ट्रेस रिद्धिमा तिवारी ने कमेंट में लिखा- 'गॉर्जियस।' रकुल प्रीत सिंह ने लिखा- 'सुंदर मम्मा।' अन्य यूजर्स ने लिखा- 'क्वीन।' बता दें कि कियारा आडवाणी ने करीब तीन साल तक सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट करने के बाद साल 2023 में राजस्थान में धूमधाम से शादी की थी। यह कपल अब जल्दी ही बच्चे का स्वागत करने वाला है।
कियारा ने 28 फरवरी को अपनी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें कियारा-सिद्धार्थ अपने हाथ में वाइट कलर के बेबी के मौजे पकड़े हुए थे। उन्होंने कैप्शन में बेबी इमोजी के साथ लिखा- हमारे जीवन का सबसे बड़ा उपहारज जल्द आ रहा है। इसके साथ उन्होंने इविल आई, हार्ट और हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की। उनके पोस्ट पर फिल्म सेलेब्स ने भी जमकर बधाई दी। करीना कपूर ने कमेंट में लिखा- 'जिंदगी का सबसे बेहतरीन पल आने वाला है। भगवान आप दोनों को आशीर्वाद दें।' वहीं एक्टर ईशान खट्टर, फिल्ममेकर एकता कपूर, मसाबा गुप्ता, नीना गुप्ता, मनीष मल्होत्रा, सोनू सूद, आथिया शेट्टी समेत कई सेलेब्स ने भी बधाई दी थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# हापुड़ में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की आवाज, पीड़ित विधवा नीरू शर्मा को न्याय दिलाने की मांग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद हापुड़ में मंगलवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के पदाधिकारी एकजुट हुए और उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर विधवा पीड़िता नीरू शर्मा के मामले में अपनी आवाज बुलंद की। इस मौके पर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पीड़िता के साथ हुए अत्याचार और अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि एक विधवा महिला के लिए उसकी संतान ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। जब कोई अन्य समाज व्यक्ति उस संतान को बहला-फुसलाकर उससे छीन लेता है तो उस महिला का जीवन संकट में आ जाता है। पीड़ित विधवा नीरू शर्मा का दर्द गहरा है, क्योंकि उनके पुत्र और पुत्री के धर्मांतरण को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके साथ ही पीड़िता की बेटी के मेडिकल परीक्षण में गड़बड़ियां भी सामने आई हैं, जिसमें डॉक्टर की अनियमितताएं शामिल हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने इन सभी मामलों पर कड़ा विरोध व्यक्त किया और पीड़िता के साथ खड़े होने का संकल्प लिया। महासभा ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय से तत्काल सख्त कार्रवाई करने की अपील की। पंडित बिजेंद्र शर्मा, अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, पंडित जुगल किशोर शर्मा, अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश परशुराम सेना, पंडित वेद प्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष हापुड़ और पंडित महेश शर्मा, जिलाध्यक्ष गाजियाबाद की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में साफ तौर पर उल्लेख किया गया था कि इस मामले में जो अपराधी हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन लोगों को सजा दिलवाने के लिए पूरी ताकत लगाई जाए जिन्होंने इस गड़बड़ी को अंजाम दिया। इसके अलावा, पीड़िता की बेटी के मेडिकल परीक्षण को दोबारा कराने की भी मांग की गई। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने इस ज्ञापन को गंभीरता से लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज ही इस विषय पर क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर से मीटिंग की जाएगी और पीड़िता की बेटी के मेडिकल परीक्षण को फिर से कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि प्रशासन पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह मामले की हर पहलु को ध्यान से जांचेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव श्री पंकज लोधी, पंडित ललित शर्मा, प्रवक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंडित संजय शर्मा शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष हापुड़, नगर महामंत्री महिला प्रकोष्ठ ओमवती, जिला उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा महिला प्रकोष्ठ हापुड़, श्रीमती मोहनी शर्मा जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ हापुड़, पंडित संजीव शर्मा विधानसभा सचिव गढ़मुक्तेश्वर, पंडित रामकृष्ण शर्मा विधानसभा अध्यक्ष धौलाना मोदीनगर, पंडित विनोद शास्त्री गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा अध्यक्ष, पंडित आकाश शर्मा नगर अध्यक्ष हापुड़, पंडित श्री भगवान शर्मा, पंडित अमित कौशिक आनंद विहार हापुड़, अखिल भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के जिला अध्यक्ष पंडित के सी पांडेय, तीर्थ पुरोहित समिति के अध्यक्ष लाल उर्फ राजकुमार शर्मा, व्यापार मंडल गढ़मुक्तेश्वर के अध्यक्ष मूलचंद सिंगल, अखिल भारतीय जाट महासभा रेंजर अशोक चौधरी, पंडित राजवीर शास्त्री गढ़मुक्तेश्वर, जिला सचिव शिव भगवान शर्मा विधिक सलाहकार एडवोकेट सचिन शर्मा सहित कई समाजसेवी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हापुड़ में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की नई पहल, ग्राम प्रधानों से सीधी मुलाकात

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) जिले के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने ग्रामीण विकास को गति देने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। अब हापुड़ जिले के सभी ग्राम प्रधान हर महीने के दूसरे शुक्रवार को जिलाधिकारी से सीधी मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी और प्रभावी शासन के उद्देश्य से लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य गांवों का समग्र विकास है और प्रशासन की प्राथमिकता ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर समाधान करना है। बैठक में ग्राम प्रधान अपने गांवों से जुड़ी समस्याओं, योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा करेंगे। वे जल, शिक्षा, स्वच्छता, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी जमीनी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रख सकेंगे। इस पहल का एक और लाभ यह है कि नवाचार या सफल मॉडल लागू करने वाले प्रधान दूसरों के लिए उदाहरण बनेंगे, जिससे अन्य गांवों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि इन बैठकों के दौरान मिले सुझावों का समयबद्ध समाधान किया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जिससे निर्णय प्रक्रिया सरल और त्वरित हो सके। जिले के प्रधानों में इस पहल को लेकर उत्साह है और वे उम्मीद कर रहे हैं कि इससे उनके गांवों का विकास सुचारु रूप से होगा और प्रशासन के साथ सीधा संवाद स्थापित हो सकेगा।

# भाजपा में मंडल गठन के लिए बैठक, कार्य योजना पर चर्चा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस






हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) भाजपा के मंडल के गठन के लिए मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र से नियुक्त प्रवासी और नोएडा महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के साथ जनपद के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रभारियों के साथ मिलकर मंडलों के गठन को लेकर चर्चा की। इस बैठक में मंडल गठन की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाई गई। भाजपा के मंडल गठन के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां और कार्यों की सूची सौंपी गई। बैठक में कविता मादरे, राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, मोहन सिंह, नीलम सिंह, शायमंन्द्र त्यागी, हेमंत त्यागी, आशीष चौधरी, दीपक गौड़, तरुण चौहान, योगेश शिशोदिया और विनय अग्रवाल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सभी ने बैठक में दी गई दिशा-निर्देशों पर सकारात्मक विचार किए और आगामी चुनावी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बनाई। इस बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य गांव-गांव और बूथ-बूथ पर पार्टी की मजबूती को बढ़ाना है। सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# गौतमबुद्ध नगर -मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत युवाओं को 5 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण मिलेगा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के तहत युवाओं को 5 लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज और बिना किसी गारंटी के प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना का उद्देश्य 21 से 40 वर्ष की आयु वाले युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना है। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर सकें और अपने परिवार के साथ समाज की आर्थिक उन्नति में योगदान दे सकें। उन्होंने बताया, योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को आसान और सुगम बनाने के लिए 7 मई को सुबह 11 बजे से केनरा बैंक, ग्राम ग्रेटर नोएडा के चिटहैरा में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भाग लेने के इच्छुक युवा अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर योजना में आवेदन कर सकते हैं।

आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), बैंक पासबुक की प्रति और पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। स्वरोजगार को बढ़ाने में योजना की विशेष भूमिका के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, यह योजना विशेष रूप से उन युवाओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है, जो रोजगार की तलाश में हैं, लेकिन पूंजी की कमी के कारण अपने व्यवसाय की शुरुआत नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना से न केवल बेरोजगारी दर में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

उन्होंने कहा, सरकार की इस पहल से जुड़कर युवा अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं और समाज में एक प्रेरणास्रोत की भूमिका निभा सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह किया गया है कि वे समय पर शिविर में पहुंचे और योजना का लाभ उठाएं।

# बसपा प्रमुख मायावती ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से की मुलाकात

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान बसपा प्रमुख के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा और पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर भी मौजूद रहे। इसकी जानकारी चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। चुनाव आयोग ने इस मुलाकात को लेकर एक बयान भी जारी किया। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी के साथ बातचीत की। एक प्रेस रिलीज में चुनाव आयोग ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न हितधारकों के साथ अधिक से अधिक और नियमित जुड़ाव को बढ़ावा देने पर जोर देने के क्रम में, चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू की है। यह बातचीत रचनात्मक चर्चाओं की लंबे समय से महसूस की जा रही जरूरत को पूरा करेगी, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष अपने सुझाव और चिंताओं को सीधे आयोग के साथ साझा कर सकेंगे। प्रेस रिलीज में आगे बताया गया कि यह पहल सभी हितधारकों के साथ मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने के आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे पहले, कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 बैठकें और ईआरओ द्वारा 3,879 बैठकें शामिल हैं, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

# हापुड़ पुलिस को मिली राहत, एसपी द्वारा जारी चेकिंग अभियान के निर्देश के बाद सभी थाना प्रभारी सतर्क

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार





जनपद हापुड़ में सोमवार को पुलिस विभाग में हलचल मच गई, जब एसपी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने नाकाबंदी स्कीम लागू करने के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई के बाद पुलिस बल हरकत में आ गया और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क होकर चेकिंग अभियान में जुट गए। यह कदम तब उठाया गया, जब सूचना मिली कि देहात क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश फायरिंग कर भाग निकले हैं। इस खबर के बाद जिलेभर में खलबली मच गई, और पुलिस को बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी के तहत चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी अपनी टीमों के साथ सतर्क हो गए और निर्धारित स्थानों पर नाकाबंदी शुरू कर दी। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने दयानतपुर के पास बीवी नगर सीमा पर पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया। इसी तरह, हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार पुंडीर ने मोड़ी के पास बनबोई सीमा पर चेकिंग अभियान की कमान संभाली। अन्य थानों के प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचे और हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने सभी वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी, ताकि बदमाशों की गिरफ्तारी की जा सके। लेकिन, बाद में यह बात सामने आई कि एसपी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने पुलिस की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता को परखने के लिए यह चेकिंग अभियान चलवाया था। दरअसल, एसपी ने कंट्रोल रूम से पुलिस बल को परखने के लिए एक मैसेज जारी किया था, जिससे यह भ्रम उत्पन्न हुआ था कि जिले में कोई अपराध घटित हुआ है। जब पुलिस अधिकारियों को यह जानकारी मिली कि यह एक प्रशिक्षण उद्देश्य था, तो सभी ने राहत की सांस ली। हालांकि, एसपी की यह पहल पुलिस की तत्परता और सजगता की परीक्षा लेने के लिए थी, जिसे सभी थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने बखूबी निभाया। इस पूरी स्थिति ने पुलिस विभाग की सक्रियता और प्रोफेशनलिज्म को साबित किया, और यह भी संकेत दिया कि ऐसे अभियानों से पुलिस बल की तत्परता को लगातार बनाए रखना जरूरी है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद पुलिस बल ने चेकिंग अभियान को बंद किया और एसपी के निर्णय को उचित ठहराते हुए अपने कर्तव्यों को और भी बेहतर तरीके से निभाने का संकल्प लिया।

# हापुड़ में बालश्रम रोकथाम अभियान- 03 बाल श्रमिकों को किया रेस्क्यू



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) और श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम ने बालश्रम रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत दुकानों, होटलों, कारखानों और वर्कशापों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में काम कर रहे 03 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। टीम ने बच्चों से काम लेने वाले मालिकों और संचालकों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बालश्रम के खिलाफ यह अभियान हापुड़ जिले में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इस कार्रवाई के माध्यम से बच्चों को शिक्षा और खेलकूद की सुविधाएं प्रदान करने का संदेश दिया जा रहा है, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें।

# सिम्भावली पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर किया अवैध असलहा बरामद




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जनपद हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) थाना सिम्भावली पुलिस ने उपमहानिरीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने सोमवार को वैट नहर पुल के पास चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा की गई जांच में आरोपी की पहचान सदींप पुत्र ओमप्रकाश, निवासी ग्राम आलमपुर भगवंतपुर, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। अभियुक्त के पास से एक अवैध असलहा मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह असलहा बिना किसी वैध लाइसेंस के रखा हुआ था, और इसे किसी अपराधिक घटना में उपयोग करने के लिए रखा था। सिम्भावली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सिम्भावली में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस अभियान में पुलिस की तत्परता और सक्रियता को देखकर स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की सराहना की है। यह अभियान जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अपराधियों को पकड़कर और अवैध हथियारों के कारोबार को रोककर कानून व्यवस्था को बनाए रखना है। पुलिस द्वारा इस अभियान को आगे भी जारी रखने की योजना है, ताकि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके और समाज में सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

# शाहजहांपुर गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर में छह की मौत, सीएम योगी ने जताया दुख

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में मदनापुर थाना क्षेत्र में एक बाइक और ईको वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं बाइक पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना मदनापुर में एक बाइक और ईको वाहन की टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इनमें चार शाहजहांपुर के रहने वाले हैं, जबकि दो लोग बरेली के हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं घटना की जानकारी देते हुए एक पुलिसकर्मी ने बताया कि शाहजहांपुर के ग्राम काबिलपुर पेट्रोल पंप से 100 मीटर पहले मदनापुर की तरफ एक ईको गाड़ी और डिस्कवर मोटरसाइकिल में आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें ईको गाड़ी में सवार दो व्यक्ति सुधीर और सोनू, थाना फरीदपुर जनपद बरेली के, की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। उन्होंने आगे बताया कि मौके से घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी मदनापुर भेजा गया, जहां पर इलाज के दौरान तीनों लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं एक घायल अभिषेक को जिला अस्पताल शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। अभिषेक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद शाहजहांपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# दिल्ली सरकार की नीतियों से व्यापारियों में डर का माहौल - आप

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली सरकार पर बाजारों को हस्तांतरित करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि इससे बड़े-बड़े बाजारों के व्यापारियों में डर का माहौल है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने आज यहां कहा कि हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि दिल्ली के बड़े-बड़े बाजार बहुत ज्यादा भीड़भाड़ वाले बन गए हैं, इसीलिए दिल्ली सरकार यह रणनीति बना रही है, कि इन बाजारों को यहां से कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए। श्री भारद्वाज ने कहा कि जब से दिल्ली की मुख्यमंत्री ने यह एलान किया है, तब से दिल्ली के बड़े-बड़े बाजारों के व्यापारियों में डर समाया है और हड़कंप मचा हुआ है, कि आखिर दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार दिल्ली के व्यापारियों के साथ कौन-सा षड्यंत्र रचने जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बड़े-बड़े बाजार दिल्ली की धरोहर हैं। इन बाजारों में जो व्यापारी बैठे हुए हैं, इनकी दुकान, इनका व्यापार दादा, परदादा के जमाने से चला आ रहा है। यह बाजार इन व्यापारियों के लिए मात्र व्यापार का साधन नहीं है, बल्कि इनके बुजुर्गों की निशानियां इन बाजारों से जुड़ी हैं। कोई भी दिल्ली का व्यापारी दिल्ली के बाजारों को छोड़कर दूसरे राज्य में नहीं जाना चाहता।

उन्होंने कहा कि इन बाजारों का नवीनीकरण किया जा सकता है, व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सकता है, परंतु दिल्ली सरकार बाजारों में व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय इन बाजारों को दिल्ली से बाहर स्थानांतरित करके दिल्ली को और दिल्ली के व्यापारियों को बर्बाद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्ली के व्यापारियों और दिल्ली के बाजारों के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा, हम दिल्ली के व्यापारियों के साथ खड़े हैं और भाजपा की दिल्ली सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हैं।

# केंद्रीय गृह सचिव ने राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की



नई दिल्ली । केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक में 7 मई को होने वाले राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) की तैयारियों की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह मॉक ड्रिल की जा रही है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस के प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक पीयूष आनंद, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड के महानिदेशक विवेक श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गृह मंत्रालय की बैठक के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक सदस्य ने कहा कि हम तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन खामियों को दूर किया जाना है, उनकी पहचान कर ली गई है। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण और गांव स्तर के क्षेत्रों सहित 244 नागरिक सुरक्षा-निर्दिष्ट जिलों में मॉक ड्रिल की तैयारियों का आकलन करना और समन्वित निष्पादन सुनिश्चित करना था। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा तैयारियों को मजबूती देने के उद्देश्य से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 7 मई को मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया था। यह निर्णय पहलगाम हमलों और पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बाद लिया गया है। इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की स्थिति में नागरिकों को सचेत करने के लिए सायरन की प्रभावशीलता का परीक्षण करना और नागरिकों और छात्रों को बुनियादी आत्म-सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करना शामिल है। इसके अलावा युद्ध के संभावित खतरे के दौरान अंधेरा कर देने की आपात प्रक्रिया (क्रैश ब्लैकआउट) का अभ्यास और संवेदनशील प्रतिष्ठानों को छिपाकर बुनियादी ढेंच की रक्षा करना शामिल होगी। इसके साथ ही, आपातकालीन स्थिति में लोगों की सुरक्षित निकासी की योजनाओं को अद्यतन किया जाएगा और उनका पूर्वाभ्यास भी कराया जाएगा। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना, उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना और राज्य तथा स्थानीय प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा करना है। यह मॉक ड्रिल विभिन्न स्तरों पर नागरिक सुरक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता को जांचने का एक समन्वित प्रयास है। गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि वे इस अभ्यास की पूरी योजना पहले से तैयार करें और सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर उसका सफल आयोजन सुनिश्चित करें। यह पहल देश की समग्र सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है और भविष्य की किसी भी आपात स्थिति से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जिलाधिकारी ने वितरित की कक्षा 1 से 3 की एनसीईआरटी आधारित निःशुल्क पुस्तकें

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 1, 2 एवं 3 के छात्र-छात्राओं को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित नवीन निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति द्वारा यह वितरण कलेक्ट्रेट कार्यालय में किया गया, जहां उन्होंने छात्राओं से परिचय प्राप्त किया और उनकी पुस्तकों का स्वयं अवलोकन भी किया। उन्होंने छात्राओं को एकाग्रता एवं कठिन परिश्रम के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने जानकारी दी कि जनपद में कक्षा एक से तीन तक की सभी एनसीईआरटी आधारित पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं तथा उनका सत्यापन जनपद स्तरीय समिति



द्वारा किया जा चुका है। इन पुस्तकों को शीघ्र ही सभी छात्र-छात्राओं तक पहुंचा दिया जाएगा। जनपद में वर्तमान में कक्षा 1 से 3 तक कुल 63,142 छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिन्हें इन पुस्तकों का लाभ मिलेगा।

# हरियाणा में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित हुए बागपत के-विपुल जैन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

सोनीपत, हरियाणा। अग्रवंशीयों के प्रमुख धामों में शुमार श्री अग्रसेन धाम कुंडली द्वारा इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को एक भव्य कार्यक्रम में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया गया। विपुल जैन को श्री अग्रसेन धाम कुंडली प्रबन्ध समिति ने माला, पटका व पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया। विपुल जैन को यह सम्मान वैश्य समाज के जनक, वेदों, शास्त्रों व अस्त्र-शस्त्रों के महान ज्ञाता, महाबलशाली, अहिंसा के पुजारी, शांति के दूत सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया गया। विपुल जैन ने अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित करने के लिए अग्र केसरी महाकुटुंब अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन जगदीश राय गोयल, राष्ट्रीय संस्थापक व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन टीका राम मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय



कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल व वीरेन्द्र बंसल सहित समस्त प्रबन्धन समिति का आभार व्यक्त किया। विपुल जैन ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि में वे सभी महान लोग बराबर के साझेदार है, जिनके सहयोग, आर्शीवाद और प्रार्थनाओं से वर्ष 2023-2024 में मुझे नवजीवन प्राप्त हुआ है। विपुल जैन ने कहा कि सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन भगवान श्री राम के वंशज थे और अपने युग के सबसे शक्तिशाली सम्राट थे। उनका महान व्यक्तित्व और उनके द्वारा दी गयी शिक्षाए समाज, देश व विश्व के लिए अमूल्य है। इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन, महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी, आचार्य विवेक मुनि, पूर्व विधायक महेंद्र गोयल, दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल, दिल्ली के पूर्व उप महापौर ताराचंद बंसल, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, उपाध्यक्ष अतुल सिंघल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम बरामद

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने बैंक खातों और UPI आईडी से धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन (REDMI K50I) और एक सिम कार्ड बरामद किया गया है। 13 मार्च 2025 को वादी श्री कुलदीप मित्तल ने थाना साइबर क्राइम में तहरीर दी थी, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात अभियुक्तों ने उनके बैंक खातों और UPI आईडी से धोखाधड़ी कर कुल 44,14,840/- रुपये निकाल लिए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और बैंक में 3,00,000/- रुपये होल्ड कर दिए। जाँच के दौरान अभियुक्तों विकास तिवारी और राहुल गुप्ता का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने आज, 05 मई 2025 को अभियुक्तों




को गिरफ्तार किया। इन शातिर अपराधियों ने पीड़ित से मोबाइल ऐप्स BINANCE और DESK TRADE (WEB) के माध्यम से निवेश करने का लालच दिया और जब पीड़ित ने रिटर्न की मांग की तो उन्हें फुल अमाउंट रिफंड के लिए कुछ धनराशी जमा करने का बहाना बनाकर धोखाधड़ी की। इसके जरिए पीड़ित से बैंक खातों और यूपीआई आईडी के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवा लिए गए थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम विकास तिवारी और राहुल गुप्ता हैं, जो कानपुर के किदवई नगर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने इस मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने बुलन्दशहर में अपराध नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन श्री भानू भास्कर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र श्री कलानिधि नैथानी ने आज जनपद बुलन्दशहर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की।

बैठक से पूर्व दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर गार्द की सलामी ली तथा जन शिकायत प्रकोष्ठ, एलआईयू, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय व आईजीआरएस सैल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को समयबद्ध, अनुशासित एवं मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आगामी बुद्ध पूर्णिमा पर्व एवं मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। एडीजी ने अधिकारियों को अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान, हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 अपराधियों





पर निगरानी, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बीट प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और पुलिस की जनहितकारी छवि बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। इसके उपरांत दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार और आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के प्रशिक्षणार्थी रिक्रूट आरक्षियों के ठहरने के स्थान का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# गंदे पानी और कीचड़ से जूझ रहे औरंगाबाद के लोग, जिम्मेदार मौन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर ज़िले के कस्बा औरंगाबाद स्थित मोहल्ला देहली दरवाजा के निवासी नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं। इलाके में फैले कीचड़ और गंदे पानी की वजह से स्कूली बच्चों को स्कूल और नमाजियों को लोहरान मस्जिद तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि पूरा मोहल्ला बदबू और गंदगी के बीच घिरा हुआ है, लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन वाल्मीकि चौक से लोहरान मस्जिद और मोहल्ला गुलावठी की ओर जाने वाले रास्ते की हालत इस अभियान की हकीकत को उजागर कर रही है।



वाल्मीकि चौक पर कूड़े के ढेर और बहते बदबूदार पानी का सैलाब रोज़ की तस्वीर बन चुका है। बच्चों और बुज़ुर्गों को इसी गंदगी में से होकर निकलना पड़ रहा है, पर जिम्मेदारों की सेहत पर इसका कोई असर नहीं दिखता। स्थानीय लोगों के अनुसार, ईद से पहले वाल्मीकि चौक से गूली तक नाली और खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन नगर पंचायत के चहेते ठेकेदार ने आधा-अधूरा काम कर छोड़ दिया। तय समय-सीमा के बावजूद कार्य अधूरा है और कोई भी जवाबदेही लेने को तैयार नहीं। मोहल्ले वालों का आरोप है कि काम की गुणवत्ता और समयबद्धता से ज्यादा ठेकेदारों की कमाई और सिफारिशों को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में स्थानीय जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

# बुलंदशहर में मानसून पूर्व नाला सफाई अभियान जोरों पर, प्रशासन कर रहा सख्त निगरानी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर ज़िले में नगर निकायों द्वारा नाला सफाई अभियान तेज़ी से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश पर यह कार्यवाही मानसून से पहले जलभराव की समस्या को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है। 6 मई 2025 तक मिली प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, ज़िले की अधिकतर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में नालों की सफाई का कार्य या तो पूरा हो चुका है या अंतिम चरण में है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सफाई के तुरंत बाद कूड़ा-कचरा हटा लिया जाए ताकि दुर्गंध और संक्रमण का खतरा न रहे। प्रशासन ने आम नागरिकों से



अपील की है कि वे नालों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस अभियान की उच्च स्तर पर निगरानी की जा रही है और समय-समय पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सफाई का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो और किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# डीपीए ने सभी तहसीलों पर किए अध्यक्ष नामित, आकस्मिक दुर्घटना सहायता कोष बनाने पर सहमति

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन (डीपीए) की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला पंचायत मॉल में आयोजित हुई, जिसमें संगठन विस्तार व सामाजिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप चौधरी ने की और संचालन जिला मंत्री मनोज शर्मा ने किया। बैठक में सभी सातों तहसीलों पर तहसील अध्यक्षों की सर्वसम्मति से नियुक्ति की गई। अनूपशहर से केबी लाल, डिबाई से सुधीर सेंगर, शिकारपुर से वीरेश गोस्वामी, सिकंदराबाद से अनुपम परिद्वार, खुर्जा से सुभाष, स्याना से भूपेंद्र पंवार तथा बुलन्दशहर सदर से सचिन समानिया को तहसील अध्यक्ष



नामित किया गया। साथ ही नितिन शर्मा को जिला मीडिया प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी फार्मासिस्ट की आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में सहायता के लिए एक विशेष कोष बनाया जाएगा, जिसे संरक्षक विपिन गुप्ता और संगठन मंत्री पुष्पेंद्र कुमार शर्मा के नाम से संचालित किया जाएगा। इस कोष में सभी सदस्यों का सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में संरक्षक विपिन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार शर्मा, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष टेकचंद और जिला वेयरहाउस प्रभारी मनोज चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत आज जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियों पुलिस टीम ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और स्वावलंबन के बारे में जागरूक करना था।

पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इसमें महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स, अच्छे और बुरे स्पर्श (गुड टच, बैड टच) के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अभियान के जरिए महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पुलिस की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।







## संक्षिप्त समाचार

# बुलंदशहर में 8 मई को लगेगा रोजगार मेला, 550 पदों पर होगी भर्तियां

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर, बुलंदशहर द्वारा 8 मई 2025 को प्रातः 11:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन निकट विकास भवन, बुलंदशहर में किया जा रहा है। इस मेले में 4 निजी नियोजक प्रतिभाग करेंगे जो तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों हेतु हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगे। इस रोजगार मेले में लगभग 550 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.gov.in ncs.gov.in पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। यह जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी, अरविंद सिंह द्वारा जारी की गई है।

# महिला सैल की काउंसलिंग से दो दंपतियों ने फिर से शुरू किया नया जीवन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। आज परिवारिक विवाद से जुड़े दो मामलों में पति-पत्नी दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई, जिसके परिणामस्वरूप आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों दंपतियों ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी जीवन व्यतीत करेंगे। महिला सैल की प्रभारी व काउंसलरों ने दंपतियों को समझाया कि बीती बातों को भूलकर वे आपसी प्रेम और सम्मान के साथ रहें। काउंसलिंग के इस सकारात्मक परिणाम से यह स्पष्ट है कि सही मार्गदर्शन और संवाद से पारिवारिक संबंधों को फिर से मजबूत किया जा सकता है।

# गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर कार्यक्रम आयोजित



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। आज दिनांक 06 मई 2025 को गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर में एक राष्ट्र एक चुनाव प्रस्ताव विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में लोकसभा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की दिशा में विचार विमर्श करना था, जिससे चुनाव प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और प्रभावशाली बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री डी.के. शर्मा, प्रबंध समिति के सचिव श्री राकेश कंसल और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से नीतिगत निर्णयों में तीव्रता आएगी, सरकारी खर्च में कमी होगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्राओं को इस विषय की व्यावहारिक प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।

# साँई हैल्थ सेंटर में आयोजित हुआ फ्री मेडिकल टैली चेकअप कैम्प, 80 मरीजों ने उठाया लाभ

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। साँई हैल्थ सेंटर (मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल) निकट R.T.O ऑफिस यमुनापुरम, बुलंदशहर में फ्री मेडिकल टैली चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में डॉ. विशाल शर्मा (कंसलटेंट फिजिशियन व क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट) और डॉ. ज्योति शर्मा (डेंटल सर्जन व कॉस्मेटोलॉजिस्ट) द्वारा हृदय, छाती, पेट, गुर्दा, शुगर, ब्लड प्रेशर, दांत, स्किन और बालों की समस्याओं से ग्रसित मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। इसके साथ ही श्वष्टत, क्ष्क्ष्क शुगर, फेफड़ों व हड्डियों की जांचें भी मुफ्त में की गईं। कैम्प में लगभग 80 मरीजों ने निःशुल्क चेकअप व जांच सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया।

# शिकारपुर में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़, एसडीएम ने तीन संग्रह अनु सेवकों को किया सस्पेंड



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शिकारपुर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी वेतन प्राप्त कर रहे संग्रह अनु सेवकों पर एसडीएम दीपक कुमार पाल की बड़ी कार्रवाई से तहसील विभाग में हड़कंप मच गया है। एसडीएम ने दस्तावेजों में हेराफेरी पाए जाने पर तीन संग्रह अनु सेवकों - इलियास, योगेश शर्मा और लक्ष्मण - को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही करीब आधा दर्जन सीजनल चपरासियों को भी सेवा से बाहर कर दिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच नायब तहसीलदार को सौंपी गई है और एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि जांच के बाद जो भी अन्य दोषी होंगे, उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की मानें तो इस प्रकरण में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के सहारे वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का भंडाफोड़ होने से अन्य संग्रह अनु सेवकों की सांसें अटकी हुई हैं। एसडीएम की इस कार्रवाई से पूरे विभाग में खलबली मच गई है।

# नालों की सफाई कराने में भाजपा सरकार भी रही है पूरी तरह से फेल –सुमित शर्मा



नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार यानी भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी नालों की सफाई कराने में फिसड्डी ही साबित हो रही है। यह कहना है लक्ष्मी नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुमित शर्मा का। सुमित शर्मा कहते हैं दिल्ली में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने दावे किये थे इस बार बरसात में दिल्ली में जलभराव नहीं होगा। मुख्यमंत्री और मंत्री नें विभाग के आला आधिकारियों के साथ ताबड़तोड़ निरिक्षण भी किये थे। इतना ही नहीं खुद उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना भी अधिकारीयों के साथ दौरों पर पहुंचे थे तथा दावे किये गए थे नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाये थे पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के समय नालों की सफाई के नाम पर भ्रस्टाचार के चलते केवल खानापूर्ति की गई थी लिहाजा दिल्ली थोड़ी से बरसात में ही डूब जाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सुमित शर्मा कहते हैं चंद घंटों की बरसात नें ही ट्रिपल इंजन की सरकार की पोल खोलकर रख दी और ना केवल एक दो स्थानों पर बल्कि दो सौ से ज्यादा स्थानों पर भारी जलभराव देखने को मिला। जलभराव के चलते दिल्ली लगभग जाम हो गई थी और दिल्ली नें देखा भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार की कार्यशैली में कोई फर्क नहीं था। दोनों हो सरकारों नें नालों की सफाई को ले भयंकर लापरवाही बरती। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाये लेकिन दिल्ली की बदहाली पर किसी नें कोई ध्यान नहीं दिया। सुमित शर्मा नें कहा आईना देखने के बाद अब मंत्री सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा का कहना कि हम 30 मई तक नालों से गाद निकालने का काम पूरा कर लेंगे, पूरी तरह से एक बार से हवाबाजी के अलावा कुछ नहीं हैं। जबकि असलियत यही है कि जिस तरह से आम आदमी पार्टी की सरकार हवाबाजी करती थी और अपने हर काम को वर्ल्ड लेवल का बताती थी ठीक उसी तर्ज पर रेखा गुप्ता सरकार भी काम कर झूठ परोसने का ही काम कर रही है। सुमित शर्मा कहते हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मजनू का टीला और प्रवेश वर्मा नें नई दिल्ली जैसी पॉश कालोनी का निरीक्षण किया। लेकिन यह भी चिंताजनक है कि जब एनडीएमसी क्षेत्र में जल भराव से लोगों को जूझना पड़ा तो यमुनापार, बाहरी दिल्ली तथा पुनर्वास बस्तियों की सडकों का क्या हाल हुआ होगा इसकी भनक तो सरकार को भीं नहीं लगी होगी। सुमित शर्भामा कहते हैं 15 वर्षों में भाजपा ने दिल्ली नगर निगम को खोखला कर दिया था। दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार और उपराज्यपाल के सहयोग से भाजपा के शासन में भी विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहने वाला है। क्योंकि दिल्ली की हर गली, हर नाली, हर सड़क की सफाई और नालों से गाद निकालने के नाम पर सिर्फ घोषणा हो रही हैं। सुमित शर्मा कहते हैं भाजपा की सरकार यह जानती है कि पिछले 11 वर्षों से हर वर्ष मानसून के दौरान दिल्ली को जल भराव से जूझना पड़ रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी ने नालों और नालियों की सफाई और गाद निकालने का काम सिर्फ कागजों में किया था।

तब भाजपा सत्ता में आने के बाद दिल्ली के नालों से गाद निकालने का काम क्यों नही कर रही है। नींद से जागने के बाद मुख्यमंत्री निरीक्षण और पीडब्लूडी मंत्री सिर्फ गाद निकालने की तारीख तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान दिल्ली को कभी भी जल भराव जैसी समस्या से जूझना नही पड़ा था, क्योंकि शीला दीक्षित सरकार हर वर्ष मई महीने के मध्य तक गाद निकालने का काम पूरा कर लेती थी।

# सैटा गुलावठी में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर जिले के पंचायत वार्ड नंबर 11 से प्रत्याशी सुमित बिधूड़ी ने आज सैटा गुलावठी गांव में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। फीता काटकर इस आयोजन की शुरुआत करने के बाद उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल प्रेमियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को खास बना दिया। सुमित बिधूड़ी ने ग्रामीण युवाओं के लिए इस तरह के आयोजनों की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने टूर्नामेंट में विजेताओं के लिए 21,000 का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की और खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सामग्री भी प्रदान की। बिधूड़ी ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह युवाओं को नशे और बुरी आदतों से दूर रखने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए खेलों का आयोजन बेहद जरूरी है। टूर्नामेंट के आयोजन ने गांव में खेल भावना को नई ऊर्जा दी है। स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया। आयोजन समिति और ग्रामीणों ने सुमित बिधूड़ी के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों की उम्मीद जताई। इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया, बल्कि ग्रामीण समाज में सामूहिकता और एकजुटता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सुमित बिधूड़ी के साथ कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें सुधीर तेवतिया, डॉ. जमील खान, अरविंद, सतपाल, गुड्डू, गौरव, सोनू, सौरभ, बिट्टू, शिवम, पंकज, विकास, अमित गुजर, देवांक, उमंग, आविद चौहान, रशीद, सलमान कुरैशी, इकराम, वकील, दानिश, इफरान, जफरू, धरमवीर जाटव, लीले टेलर, भूरे, और अमरीश बाल्मीकि शामिल थे।

# गौ रक्षा हिन्दू दल की टीम ने बनाया देशी गाय के गोबर से पेंट वेद नागर

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



ग्रेटर नोएडा - गौ रक्षा हिंदू दल की टीम ने गाय के गोबर से पेंट बनाने की एक अनूठी पहल की है। इस पहल का नेतृत्व दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर और प्रदेश अध्यक्ष केशव बेसला कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 146 स्थित श्री कृष्ण सुदामा गौशाला में इस परियोजना का निरीक्षण करने के बाद वेद नागर ने बताया कि इस महीने के अंत तक इस पेंट की पैकिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। गाय के गोबर से बने इस पेंट की विशेषताएं इसे अन्य पेंट से अलग बनाती हैं। यह न केवल लंबे समय तक टिकाऊ है, बल्कि घर के तापमान को मौसम के अनुसार ठंडा और गर्म रखने में भी मददगार है।

वेद नागर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी सरकारी भवनों को गाय के गोबर से बने पेंट से रंगने का निर्णय पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस पेंट प्लांट की स्थापना गौ रक्षा हिंदू दल की टीम द्वारा श्री कृष्ण सुदामा गौशाला में की गई है। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि देशी गायों की दुर्दशा में सुधार लाना भी है। गौशाला का महत्व भी कम नहीं है। श्री कृष्ण सुदामा गौशाला एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां लगभग तीन हजार देशी गायों की देखभाल की जाती है। यह गौशाला क्षेत्र के लोगों के सहयोग से चलती है और इसे सरकारी अनुदान नहीं मिलता। यहां गायों के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए गए हैं, जिससे उनकी उचित देखभाल होती है। गौशाला में गायों की मृत्यु दर एक प्रतिशत से भी कम है, जो उनकी उत्कृष्ट देखभाल का प्रमाण है। इस गौशाला की गायों का योगदान राष्ट्रीय स्तर पर भी है। राष्ट्रपति भवन में पूजा के लिए यहां की गायें भेजी गई थीं। वेद नागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन किया है कि वे इस भव्य गौशाला का निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने गौशाला के दौरे का आश्वासन दिया है। वेद नागर ने गौशाला को हिंदू समाज के लिए एक प्रेरणादायक स्थल बताया, जहां देशी गायों की देखभाल अत्यधिक सम्मान और समर्पण के साथ की जाती है। उन्होंने कहा कि यह गौशाला गौ रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल कायम कर रही है। गौशाला में गायों की सेवा और उनके उत्पादों के उपयोग से न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा, बल्कि यह समाज के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। गाय के गोबर से पेंट बनाने की इस परियोजना को हिंदू समाज और पर्यावरणविदों से व्यापक समर्थन मिलने की संभावना है। इस पेंट का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह गायों की उपयोगिता को बढ़ाने और उनकी स्थिति सुधारने में भी सहायक होगा। यह पहल गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। गौ रक्षा हिंदू दल का यह प्रयास समाज और पर्यावरण को जोड़ने का एक उदाहरण बन सकता है।

# आईआईएमटी कॉलेज में वक़्फ़ सुधार जन जागरण कार्यक्रम, मुस्लिम समाज ने दिया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




ग्रेटर नोएडा- आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा में आज वक़्फ़ सुधार जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य वक़्फ़ सुधार बिल के सकारात्मक पहलुओं को समझाना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी और एमएलसी विधायक श्रीचन्द शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की, जबकि संचालन पवन रावल और सरफ़राज़ अली ने किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के हाजी, मौलवी, डॉक्टर, वकील और अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों ने सरफ़राज़ अली (सदस्य, वक़्फ़ सुधार समिति, उत्तर प्रदेश) के नेतृत्व में कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। वक़्फ़ संशोधन बिल पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें इसके विभिन्न पक्षों को विस्तार से समझाया गया। चर्चा के उपरांत मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक़्फ़ सुधार बिल के प्रति अपने समर्थन का स्पष्ट रूप से इजहार किया। मुख्य अतिथि मानसिंह गोस्वामी ने अपने संबोधन में कहा, वक़्फ़ सुधार बिल गरीब, मजदूर और बेसहारा लोगों के हित में है। यह बिल किसी भी मुस्लिम व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए है जिन्होंने वक़्फ़ संपत्तियों पर अवैध कब्जा कर रखा है। इस बिल के माध्यम से वक़्फ़ संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे गरीबों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और रोजगार के अवसर मिलेंगे। विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के बावजूद भाजपा इस जनजागरण अभियान के माध्यम से सच्चाई को मुस्लिम समाज के सामने ला रही है। विशिष्ट अतिथि श्रीचन्द शर्मा ने कहा, नए वक़्फ़ अधिनियम के लागू होने से पारदर्शिता आएगी और सभी कार्य प्रणाली कानून के दायरे में होगी। इससे वक़्फ़ संपत्तियों का सही उपयोग हो सकेगा और समुदाय को अधिक लाभ मिलेगा। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा, वक़्फ़ सुधार से किसी भी मुस्लिम व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं है। यह बिल उन लोगों के खिलाफ है जिन्होंने अवैध रूप से वक़्फ़ संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है। इससे समुदाय को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

# चोरी के आरोपियों को अदालत ने सुनाई सजा, तीनों को कारावास व जुर्माना

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत बुलन्दशहर पुलिस व अभियोजन विभाग की प्रभावी समन्वित पैरवी के परिणामस्वरूप चोरी के एक मामले में तीन आरोपियों को सजा दिलाई गई है। थाना स्याना पर दर्ज मु0अ0सं0-06/2024 धारा 379/411 भादवि के अंतर्गत अभियुक्त विकास पुत्र राकेश व श्रीपाल उर्फ रेशू पुत्र हरी, निवासी मौहल्ला पूडा वाला, थाना स्याना को माननीय न्यायालय एसीजे/एसडी-02 जनपद बुलन्दशहर द्वारा 482 दिन के कारावास की सजा सुनाई गई। विकास को 500 रुपये और श्रीपाल को 1000 रुपये के जुर्माने से भी दण्डित किया गया। वहीं तीसरे अभियुक्त चतरू उर्फ सतीश पुत्र रामकिशोर निवासी मौहल्ला पुराना छत्ता थाना स्याना को 474 दिन के कारावास व 1000 रुपये जुर्माने की सजा दी गई। यह निर्णय अपराधियों पर कठोर कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# किराना व्यापारी का नहीं लगा सुराग, परिजनों में अनहोनी की आशंका से फैला भय



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यापारी ज्ञानचंद्र सिंहल सोमवार की सुबह दूध लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से वे लौटकर घर नहीं पहुंचे। व्यापारी के देर शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उन्हें कई जगह तलाशा, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। इस घटना से परिजनों में अनहोनी की आशंका गहराने लगी है और पूरे मोहल्ले में चिंता का माहौल बन गया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और व्यापारी की तलाश में गंभीरता से जुट गई है। पुलिस को दूध की डोलची स्थानीय डेयरी पर बरामद हुई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे डेयरी तक पहुंचे थे। वहीं, सिकंदराबाद स्टैंड के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में व्यापारी का चेहरा नजर आने की जानकारी सामने आई है, जिससे जांच को कुछ दिशा मिली है।

कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने बताया कि व्यापारी को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस की कई टीमें कार्यरत हैं और लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि किसी को ज्ञानचंद्र सिंहल के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत कोतवाली में संपर्क करें।

# राष्ट्रीय बालगंधर्व कला महोत्सव 2025,
## उत्तरप्रदेश- बरेली की धरती पर उभरी कला की नई सुबह

बरेली - जिस प्रकार एक दीपक अंधेरे में प्रकाश की लौ जलाता है, उसी प्रकार बालगंधर्व कला अकादमी, मुंबई ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी बरेली में राष्ट्रीय बालगंधर्व कला महोत्सव 2025 के पहले चरण का सफलतापूर्वक आयोजन कर कला की नयी रौशनी बिखेरी। यह दो दिवसीय समारोह 2 और 3 मई को लोटस कॉलेज के प्रांगण में बड़े जोश और सांस्कृतिक रंगों के साथ आयोजित किया गया। यह महोत्सव केवल एक मंच नहीं था, बल्कि यह एक ऐसा अवसर बना, जहाँ बच्चों की कला, उनकी कल्पनाओं और जज़्बे को समाज के सामने आने का स्वर्णिम मौका मिला। बरेली के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे एसआर इंटरनेशनल, जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर, राधा माधव, जीआरएम, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, सक्रेड हार्ट्स आदि से आए 150 से अधिक बच्चों ने इस आयोजन में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कला के माध्यम से आत्म-निर्माण की ओर बालगंधर्व अकादमी की अनूठी पहल- बालगंधर्व अकादमी सिर्फ एक संस्थान नहीं, बल्कि यह एक आंदोलन है, जो भारतीय कला को न केवल जीवित रखने का कार्य कर रहा है, बल्कि उसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाकर समाज को सशक्त बनाने की दिशा में भी अग्रसर है। संस्थान के संस्थापक और प्रबंध निदेशक, माननीय श्री. किशोर कुमार जी, इस विचारधारा के प्रणेता हैं कि कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति और समाज परिवर्तन का माध्यम है। उनका मानना है कि अगर कला को सही दिशा और उद्देश्य मिले, तो वह समाज में क्रांति ला सकती है। श्री. किशोर कुमार जी का जीवन केवल कला को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि उन्होंने महिलाओं के लिए इस क्षेत्र में एक मजबूत और सुरक्षित आधार भी तैयार किया है। उनकी संस्था में महिला कलाकारों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, आत्मरक्षा सत्र, फ्री स्कॉलरशिप, मानसिक एवं कानूनी सहायता जैसे कई सराहनीय प्रयास किए गए हैं। उनके शब्दों में - अगर एक महिला को सुरक्षित और प्रोत्साहक माहौल मिले, तो वह किसी भी क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन कर सकती है। यह विचारधारा ही है जिसने बालगंधर्व अकादमी को महिला कलाकारों के लिए भारत के सबसे सुरक्षित और सम्माननीय कला प्रशिक्षण केंद्रों में एक बना दिया है। मंच पर उभरी नई प्रतिभाएँ- विविध कला प्रतियोगिताओं का आयोजन- इस महोत्सव में बच्चों ने नृत्य, मॉडलिंग, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, रेखाचित्रण जैसी कई विधाओं में भाग लिया। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा ने दर्शकों को चकित कर दिया। हर प्रतिभागी को सम्मानपत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य आकर्षण रहा परफॉर्मर ऑफ द डे, जिसने दर्शकों के बीच विशेष उत्साह पैदा किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को विशेष ट्रॉफी से नवाजा गया। समारोह के अंत में श्री किशोर कुमार जी ने उपस्थित छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा-यह अकादमी आप सभी की है। कला केवल एक शो नहीं, यह आत्मा की साधना है। जब संघर्ष और साधना एक हो जाते हैं, तब सच्ची सफलता मिलती है। उन्होंने युवा कलाकारों को मेहनत और समर्पण का मंत्र देते हुए प्रेरित किया कि वे कभी हार न मानें और अपने जुनून को हमेशा जीवित रखें। विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति और निर्णायक मंडल महोत्सव में प्रमुख अतिथि तथा निर्णायक मंडल के रूप में बालगंधर्व अकादमी की कोअर टीम, ढ्हस्त्र डायरेक्टर मिस शिवानी बेदी, बालगंधर्व अकादमी की मिस शुभी गुप्ता, जुही गुप्ता, लोटस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन एवं डायरेक्टर, कोरियोग्राफर अंशुल परासरी और मेकअप आर्टिस्ट्स, हुमा खान, हया खान, तान्या सिंह, शीतल सिंह, मासूम मुरादाबादी और सलमान सैम उपस्थित रहे। मीडिया पार्टनर्स का योगदान भी आयोजन की सफलता में उल्लेखनीय रहा। अकादमी का भविष्यदृष्टि और संकल्प- समापन समारोह के दौरान श्री किशोर कुमार जी ने घोषणा की कि यह महोत्सव भविष्य में और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय मंच देकर उनकी कला को प्रोत्साहन देना है। हमारा सपना है कि हर कलाकार को उसके सपनों के पंख मिलें। यह संस्था न केवल कलाकारों को प्रशिक्षण देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से जागरूक भी बनाती है। यहां पर न केवल अभिनय, नृत्य और संगीत की शिक्षा दी जाती है, बल्कि आत्मविश्वास, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का भी समावेश होता है। कई कलाकार, जो कभी इस अकादमी के छात्र रहे, आज फिल्म और टेलीविज़न की दुनिया में चमकते सितारे बन चुके हैं। इस संस्था ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन, सुरक्षा और संवेदनशीलता के साथ कला को समाज के लिए सेवा का माध्यम बनाया जा सकता है।

एक स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत- वर्ष 2025 में बालगंधर्व अकादमी द्वारा उत्तर प्रदेश में आयोजित यह महोत्सव भारतीय सांस्कृतिक इतिहास में एक प्रेरणास्पद अध्याय बन चुका है। श्री किशोर कुमार जी का यह योगदान न केवल कला जगत के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि यह महिलाओं, बच्चों और समाज के हर उस वर्ग के लिए एक नई दिशा है जो अपनी पहचान बनाने को आतुर है। उनकी यह सोच और प्रयास आज की पीढ़ी के लिए एक ज्वलंत प्रेरणा है - सिर्फ कलाकार बनना ही काफी नहीं, कला को समाज की सेवा में लगाना ही सच्ची साधना है।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक- आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर जोर

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



ग्रेटर नोएडा - भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में जिला कार्यालय, तिलपता गोलचक्कर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करना और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए रणनीतियां तय करना था। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान 10 मई को शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भाईसाहब के कार्यक्रम की तैयारियों पर गहन चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने इस कार्यक्रम को पार्टी के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए इसे सफल बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बूथ स्तर तक बैठकें आयोजित की जाएं और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें।

बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख अभियानों पर भी चर्चा की गई, जिनमें वन नेशन, वन इलेक्शन और वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान शामिल हैं। इन अभियानों के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और बस्ती-बस्ती में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। इन अभियानों का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और पार्टी की नीतियों और दृष्टिकोण को हर नागरिक तक पहुंचाना है। सभी मंडल अध्यक्षों और प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग भी इन अभियानों के प्रचार-प्रसार के लिए प्राथमिकता दी गई।

बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की ताकत कार्यकर्ताओं की निष्ठा और परिश्रम में है, और इसी के माध्यम से पार्टी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करती है। उन्होंने सभी को जिम्मेदारियां सौंपी और आशा व्यक्त की कि पार्टी का हर सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन और समर्पण के साथ करेगा।

बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष भाटी, दीपक भारद्वाज, सुनील भाटी, धर्मेंद्र कोरी, कर्मवीर आर्य, अरुण प्रधान, रवि जिन्दल, पवन रावल, मनोज गर्ग, इंद्र नागर, महेश शर्मा, अर्पित तिवारी, संजय भाटी, धीर राणा, पंकज रावल, पवन त्यागी, रामकुमार नागर, ओमकार भाटी, अनीता गौतम, रजनी तोमर, मुकेश चौहान, सुनील रावत, दिनेश भाटी, राज नागर, अमित शर्मा, रिंकू भाटी, चेतन वशिष्ठ, अजय निगम और गीता सागर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का समापन एकजुटता और समर्पण की भावना के साथ हुआ। सभी कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई और भाजपा की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# काले शीशे उतरवाकर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष सर्च अभियान, काटे चालान



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

सिकंदराबाद (सैय्यद मजहर)। नगर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के तहत दनकौर तिराहे पर चेकिंग के दौरान कई गाड़ियों की जांच की गई और जिन वाहनों में काली फिल्म लगी थी, उनसे शीशे उतरवाए गए। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ वाहन चालकों के चालान भी काटे गए। ट्रैफिक पुलिस टीएसआई राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लैक फिल्म की आड़ में कई लोग गाड़ियों में गैरकानूनी सामान की तस्करी करते हैं और क्षमता से अधिक सवारियां भी ढोते हैं। इसके अलावा अन्य अपराधों को भी अंजाम दिया जाता है। इन्हीं गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पथवारी मंदिर प्रांगण में स्थित जहारवीर बाबा मंदिर में कल होगा भंडारा

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

औरंगाबाद (सैय्यद मजहर)। जहांगीराबाद मार्ग के निकट स्थित पथवारी मंदिर के प्रांगण में बने जहारवीर बाबा के मंदिर में कल 7 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जहारवीर बाबा मंदिर सेवा कमैटी के तत्वावधान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े श्रद्धा भाव से किया जा रहा है। भंडारे से पूर्व सुबह




11 बजे से बाबा जहारवीर की पूजार्चना की जाएगी, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भंडारा वितरित किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर सेवा कमैटी के मुख्य सेवादार एवं संजीव आयरन स्टोर (जहांगीराबाद मार्ग) के प्रोपराइटर संजीव कुमार सिंघल उर्फ संजय सिंघल ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

# नारी वंदना का ढोंग रचने वाली भाजपाइयों की सोच महिला विरोधी–अखिलेश यादव



लखनऊ, । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले ही भाजपा के पूर्व रूप का 'चाल, चरित्र और चेहरा' ऐसा नहीं था कि वह सामने आकर मुंह दिखा सके, क्योंकि वे ऐसे काम, वारदात और साजिश-षड्यंत्र करते थे, जो देशभक्ति, नैतिकता और सामाजिकता के पैमाने पर नकारात्मक और अपराधात्मक माने जाते थे। इसलिए इनकी गतिविधियां हमेशा भूमिगत रहकर मुखबिरी के रूप में ही दबे-छिपे चलती रहीं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा, 卐भाजपा ने कई बार रूप बदला, जिससे ये पहचाने न जा सकें। यही परंपरा आज भी जारी है। जब इनके समर्थक पीठ पीछे से कई अनाम नाम रखकर अपनी भूमिगत नकारात्मक भूमिका निभाते हैं और उनका विरोध करते हैं, जो इनकी सत्ता के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि मूल रूप से भाजपाई और उनके संगी-साथी, वे लोग रहे हैं, जो सत्ता पर परंपरागत रूप से अपनों को काबिज करवाए रखना चाहते थे। इसलिए राजनीति और अर्थव्यवस्था पर जिन लोगों का सदियों से वर्चस्व रहा है, उन लोगों ने परदे के पीछे से भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों का हमेशा से 'बल-धन' और 'धन-बल' से साथ दिया। भाजपाइयों ने कभी नहीं चाहा कि कोई और वर्ग या तबका राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो। इसके साथ ही भाजपाइयों ने कभी ये भी नहीं चाहा कि जनता के अधिकार की बात हो। इसलिए ये जनता को शक्ति देने वाले संविधान के भी विरोधी रहे। सपा मुखिया ने कहा, भाजपाई 'जिसकी शक्ति, उसके अधिकार' की रूढ़िवादी सोच के लोग हैं, इसलिए सामाजिक क्षेत्र तक में ये शोषित, दमित, वंचित, पीड़ित के साथ-साथ महिलाओं को भी हमेशा हेय दृष्टि से देखते हैं। पुरुषवादी सामंती सोच आज भी नारी को मान, सम्मान या अभिव्यक्ति की आजादी नहीं देना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाइयों की यही पुरुषवादी घिसी-पिटी पुरानी सोच 'आधी आबादी' अर्थात महिलाओं का मान नहीं करती है, बल्कि बालिका, युवती या नारी के रूप में, जब भी वे कुछ कहना-करना चाहती हैं, तो भाजपाई और उनके संगी-साथी सदैव वो मौका ढूंढते हैं, जब वे स्त्रियों का पारिवारिक, सामाजिक, सार्वजनिक अपमान कर सकें और उनके चरित्र तक पर कीचड़ उछालकर उनका मानसिक उत्पीड़न करके, नारी के विरोध करने की शक्ति के मनोबल को तोड़ सकें।

भारतीय नारी का इतिहास इन रूढ़िवादी भाजपाई और उनके संगी-साथियों को इस महापाप के लिए कभी माफ नहीं करेगा। भाजपाइयों ने कभी नहीं चाहा कि कोई और वर्ग या तबका राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो। अखिलेश यादव ने कहा, पहलगाम के शहीद सैनिक की पत्नी द्वारा देशहित में 'शांति और सौहार्द' की अपील करने पर जिस तरह का दुर्व्यवहार और अपशब्द कहे जा रहे हैं, उससे हर महिला और सच्चा देशप्रेमी बहुत दुखी, आहत और शर्मिंदा है। अगर कोई साहसी महिला नैनीताल में भाईचारा बनाए रखने की कोशिश कर रही है या कोई गीत के माध्यम से भाजपाइयों का भंडाफोड़ कर रही है या कोई खोजी महिला पत्रकार कोई खुलासा कर रही है तो उसे अभद्रता व अनैतिकता की हर सीमा पार करके धमकाया जा रहा है, उसका लिखा दबाव डालकर हटवाया जा रहा है। भाजपा समर्थकों का ये कुकृत्य किसी भी माफी के योग्य नहीं है। 'निंदनीय' शब्द भी ऐसे भाजपाइयों और उनके नकारात्मक संगी-साथियों की निंदा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि 'नारी वंदना' का ढोंग रचने वाली भाजपाई सोच वस्तुत: नारी विरोधी है। जिन्होंने अपनों को खोया है, असीम दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े होने का समय है, जो साहस दिखा रही हैं, ऐसी महिलाओं के समर्थन में खुलकर सामने आने का समय है। भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच और संकीर्ण विचारधारा को उजागर करने का वक्त आ गया है। भाजपाइयों ने कभी नहीं चाहा कि कोई और वर्ग या तबका राजनीतिक और आर्थिक रूप से शक्तिशाली हो। आज देश की हर बालिका, युवती का यही ऐलान है कि हम भाजपा का महिला विरोधी चेहरा सबके सामने लाएंगे। सच्चाई तो ये है कि जो नारी के मान, गरिमा व प्रतिष्ठा का सम्मान नहीं करता है वो और उसका व्यवहार न तो 'भारतीय' हो सकता है, न ही 'मानवीय'। भाजपा को अपने नाम में 'भारतीय' लगाने का नैतिक अधिकार भी नहीं है। सपा मुखिया ने कहा कि हमारी पुरजोर अपील है कि महिला आयोग शाब्दिक औपचारिकता न निभाए और अगर कहीं है तो अपनी शक्ति दिखाए। कहीं है? कोई है।

## अकलेरा में 22 मई को विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन



**मीना देवी, उजाला हितैषी एक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

अकलेरा, 6 मई 2025 - क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री भूमेस्वर महादेव प्रांगण, अमृतखेड़ी में 22 मई को विशाल सर्व जातीय नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व विधायक कैलाश मीना के सहयोग से टीम कैलाश मीना और श्री भूमेस्वर महादेव मंदिर निर्माण समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में सर्व समाज के वर और वधु जोड़े शामिल होंगे, जिनका विवाह सामूहिक रूप से संपन्न कराया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं और इसके प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को भोपाल नाका कार्यालय, अकलेरा पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉक्टर गिर्राज मीना के द्वारा कार्यक्रम का विमोचन किया गया।

विमोचन के दौरान डॉक्टर गिर्राज मीना ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामबिलास मीना, जगदीश मीना, कैलाश अमृतखेड़ी, अध्यक्ष गंगाराम, शंकर लाल, बलराम मांगीलाल, सुरेश मेडिकल सहित समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य समाज में समानता को बढ़ावा देना और समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर विवाह की शुभ बेला को साझा करना है। यह आयोजन न केवल सामाजिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करेगा।

## मुजफ्फरनगर में मंदिर के दान की राशि हड़पने के आरोप में थाना और चौकी प्रभारी निलंबित



मुजफ्फरनगर (उप्र), । मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर क्षेत्र के एक गांव में मंदिर के दान की राशि हड़पने के आरोप में थाना और चौकी प्रभारी को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने बताया कि शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी और हरसोली पुलिस चौकी के प्रभारी गजेंद्र सिंह को हरसोली गांव के शिव मंदिर के दान की राशि हड़पने के आरोप में निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो पुलिस कांस्टेबल उमेश कुमार और नितिक को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। मंदिर के पुजारी महंत स्वामी सुखपाल द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार इन पुलिसकर्मियों ने मंदिर प्रबंधन पर दबाव बनाकर मंदिर के दान की राशि हड़पी है। चौधरी ने बताया कि जांच में आरोप सही पाए गए जिसके बाद थाना और चौकी प्रभारी के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## सीएम रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस पर की सफाई, 20 दिन तक चलेगा अभियान



नई दिल्ली॰ राजधानी दिल्ली में स्वच्छता को लेकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (हृष्ठस्ष्ट) अभियान चला रही है। दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाने के लिए एनडीएमसी 20 दिवसीय मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया है। एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने मंडी हाउस सर्किल और बंगाली मार्केट के बीच सफदर हाशमी मार्ग से इस अभियान की शुरुआत की। एनडीएमसी की यह पहल पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा घोषित व्यापक शहरव्यापी स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इस अभियान की शुरूआत 3 मई से हुई थी। इसके तहत दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों में स्पष्ट बदलाव लाना है।इसे लेकर हृष्ठस्ष्ट के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा, 卐प्रधानमंत्री मोदी का जो स्वच्छ भारत का संकल्प है, उसी का आह्वान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया है कि हम दिल्ली को स्वच्छ करेंगे। हम 20 दिनों का पखवाड़ा चलाएंगे। 20 दिन हृष्ठस्ष्ट के सभी कर्मचारी और अधिकारी सड़कों पर रहेंगे। हम सब विकसित भारत की विकसित दिल्ली और विकसित हृष्ठस्ष्ट का संकल्प लेकर चल रहे हैं, उसमें यह एक कारगर कदम होगा। दिल्ली स्वच्छ होगी, स्वस्थ होगी।वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। वहीं कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में सीएम रेखा गुप्ता ने पूजा-अर्चना भी की। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली में सिविक एजेंसियों और सरकार द्वारा हृष्ठस्ष्ट क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। हमने सभी को एक संदेश दिया है कि दिल्ली में सफाई अभियान को दुरुस्त करने के लिए सबको अब सड़कों पर उतरना होगा। सभी इस स्वच्छता अभियान में जुड़कर एक बेहतर दिल्ली, सुंदर दिल्ली को सामने लाने का प्रयास करें। मैं समझती हूं कि साफ दिल्ली लोगों का अधिकार है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल भी इस

## यूपी में आंधी बारिश ने फिर मचायी तबाही

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान धूल भरी आंधी, बारिश और वज्रपात से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी जबकि फसलों में व्यापक नुकसान पहुंचा है। औरैया, अलीगढ़ और बहराइच में वर्षा जनित हादसों में चार लोगों की मृत्यु की सूचना है वहीं कई क्षेत्रों में आंधी पानी ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बहराइच में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत हो गयी जबकि अलीगढ़ में पेड़ गिरने से किसान की मौत हुयी। औरैया में दीवार ढहने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

## ओवरलोड हाईवा डिवाइडर पर चढ़ा–नैनी में बिजली के पोल टूटे, मिर्जापुर हाईवे पर लगा जाम

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।यमुनापार स्थित नैनी में एरीवा कंपनी के सामने सोमवार की देर रात एक बड़ी दुर्घटना हुई। गिट्टी से भरा एक ओवरलोड हाईवा बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। दुर्घटना में डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे टूट गए। हाईवा का ईंधन टैंक भी फट गया, जिससे सड़क पर ईंधन फैल गया। हाईवा डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा पहुंचा। घटना के बाद मिर्जापुर हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। दोपहर तक हाईवा को हटाया नहीं जा सका, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यमुनापार क्षेत्र में मिट्टी, बालू और गिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है।

## सिम्स हॉस्पिटल में बिना ऑपरेशन के हुआ दिल में छेद का सफल इलाज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



मथुरा । 27 वर्षीय लड़की जो बचपन से दिल में छेद की गम्भीर समस्या से पीड़ित थी और साँस फूलना, घबराहट होना, बेचैनी के साथ अपने दैनिक कार्य कर पाती, इलाज के लिए सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के कार्डियोलॉजी विभाग में आयी। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित अग्रवाल और उनकी टीम ने बिना ऑपरेशन के अथक परिश्रम द्वारा लड़की सफल इलाज किया। अब लड़की बिल्कुल स्वस्थ है। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पित अग्रवाल ने कहा कि अब तक हम स्टेन्टिंग, पेसमेकर प्रोसीजर करते थे, अभी हाल ही में हमने 27 वर्षीय फीमेल जिसको बचपन से ही दिल में एक बड़ा छेद था, जिसकी वजह से उसको अपने दैनिक काम करने में साँस फूलती, घबराहट, बैचेनी होती थी, तो उस छेद का हमने बिना ऑपरेशन के सफल इलाज किया है। जिस तरह एक स्टेंट डाला जाता है, उसी तरह से एक बटन के बराबर डिवाइस को दिल में पहुँचाकर उस छेद को बंद किया है। सिर्फ 24 घण्टे में मरीज का इलाज करके उसकी छुट्टी कर दी। मैं सभी को बताना चाहता हूँ पेसमेकर, स्टेंटिंग के अलावा अब हम पीडियाट्रिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में भी काम कर रहे हैं। दिल में छेद या फिरबाल्व सिकुड़ना जैसी कोई भी बीमारी हो तो उसका हम बिना ऑपरेशन के मात्र 24 घण्टे में सफल इलाज करते हैं, मरीज अगले दिन चलकर अपने घर जा सकता है। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल का कार्डियोलॉजी विभाग दिल के मरीजों सर्वश्रेष्ठ इलाज कर नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित अग्रवाल कई वर्षों से बृजवासियों की स्वास्थ्य सेवा कर रहे हैं। इसके साथ ही सिम्स हॉस्पिटल में दूसरे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र कुमार के जुड़ने से हृदय रोगियों की ओपीडी अब सुबह 10 से सांय 6 बजे तक हो गयी है और 24 घण्टे अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में आपातकालीन खुला रहता है। हृदय रोगी अब सिम्स हॉस्पिटल में आकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। आपका स्वास्थ्य हमारी प्रथम प्राथमिकता है।

## गंगा नदी में स्नान करते समय डूबने से दो युवकों की मौत



वाराणसी (उप्र), । वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र स्थित हनुमान घाट पर मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने उतरे दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने दोनों के शव को गोताखोरों की मदद से गंगा नदी से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भेलूपुर थानाध्यक्ष गोपालजी कुशवाहा ने बताया कि वाराणसी के हनुमान घाट पर मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने आये दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी। दोनों युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने आये थे। उन्होंने कहा कि स्नान के दौरान दोनों युवक गहरे पानी में चले गए, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गयी। कुशवाहा ने बताया कि मृतकों की पहचान आदित्य राय (18) और विराट सिंह (19) के रूप में हुई है। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।

## प्रयागराज RRR सेंटर –कपड़े–किताबें संग्रह, गरीबों में वितरण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।नगर निगम ने शहर में Reduce, Reuse, Recycle' (RRR) सेंटर की शुरुआत की है। इन सेंटरों का मुख्य उद्देश्य पुराने सामान को जरूरतमंदों तक पहुंचाना और शहर में कूड़े की मात्रा को कम करना है। शहर के आठ प्रमुख इलाकों में ऋऋऋ सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें सिविल लाइंस, मेडिकल कॉलेज और झूंसी पुलिस चौकी प्रमुख हैं। वर्तमान में पांच सेंटर पूरी तरह कार्यरत हैं। अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव के अनुसार, इन सेंटरों पर प्रतिमाह औसतन 500 किलो पुराने कपड़े और अन्य सामान जमा होते हैं। साथ ही करीब 100 किलो किताबें और कॉपियां भी एकत्र होती हैं। सेंटर में जमा सामान की छंटाई की जाती है। उपयोग योग्य वस्तुएं गरीबों और जरूरतमंदों में वितरित की जाती हैं। शेष सामान को रिसायकल करके नए उपयोगी उत्पादों में बदला जाता है। कई स्कूल और सामाजिक संगठन इस पहल से जुड़ चुके हैं। यह मॉडल इतना सफल रहा है कि अन्य शहर भी इसे अपनाने की योजना बना रहे हैं। यह पहल न केवल कचरा प्रबंधन में मददगार साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है। दो साल पहले शुरू हुई इस योजना का सकारात्मक प्रभाव अब शहर की गलियों में दिखने लगा है। यह पहल साबित करती है कि एक छोटा प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## PM आदेश दें तो पाक कूच को तैयार साधु–संत प्रयागराज में गंगा तट पर शस्त्र और शास्त्र का अभ्यास

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरे देश में आक्रोश है। प्रयागराज के साधु-संतों में भी इससे नाराजगी है। यहां संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह यदि संतों को छूट दें तो देश भर के साधु संत पाकिस्तान पर कूच कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से कुछ दिनों से प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पर गंगा किनारे साधु संत शास्त्रों के साथ साथ शस्त्रों का भी अभ्यास कर रहे हैं। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य महराज शिष्यों के साथ गंगा तट शस्त्र का अभ्यास करते दिखे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत का प्रत्येक देशवासी लेना चाहता है, देशवासियों के अंदर आतंकवाद की नर्सरी कहे जाने वाले पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश भरा पड़ा है, यहां तक की संत, महात्मा भी चाहते हैं कि पाकिस्तान का नेस्तनाबूत हो, संत-महात्माओं का मानना है कि किसी भी बीमारी का इलाज जड़ से होना चाहिए ताकि वह दोबारा पांव ना पसार सके।--गंगाजल में कराया गया अस्त्र-शस्त्र का स्नान-- शांडिल्य महराज ने कहा, संगम नगरी प्रयागराज का वह स्थान जहां प्रभु श्रीराम के जन्म के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ शृंग ऋषि ने किया था। वहां से धर्म और देश की रक्षा के लिए तलवार उठ गए हैं। उन्होंने कहा कि शस्त्र को गंगा स्नान करके विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इसके बाद अभ्यास किया जा रहा है ताकि पाकिस्तान से संत महात्मा बदला ले सकें। जगतगुरु के सानिध्य में लोक कल्याण, जन कल्याण, धर्म रक्षा के लिए श्रृंगवेरपुर के पावन धरती पर संत महात्माओं के आशीर्वाद से शस्त्र का अभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में सनातन धर्म को जागृत किया जा रहा है। आज श्रृंगवेरपुर धाम से जुड़े सभी साधु, संत, महात्मा, बटुक महाराज पुराने अस्त्र-शस्त्र निकालकर गंगा स्नान कराया है।--जब तक पाकिस्तान रहेगा आतंकवाद जिंदा रहेगा-- जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि जब तक पाकिस्तान रहेगा, आतंक की नासूर बना रहेगा, इसका जड़ से इलाज जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में सभी शस्त्र का विधान है बदलते समय में गोली, बंदूक आ गए हैं लेकिन हर आश्रम में सनातन के पुराने शस्त्र रखे हुए हैं जिसमें तलवार, गदा, भाला, फरसा इत्यादि से नागा संन्यासियों ने मुगलों से युद्ध किया था। इस प्रकार से आज आश्रम के सभी संत, बटुक और महराज ने युद्धाभ्यास और तैयारी कर रहे हैं ताकि पाकिस्तान पर चढ़ाई कर सकें।

## राजस्थान– बूँदी जिले केदेईखेड़ा क्षेत्र में सड़क हादसा, पिकअप में आग लगी



**मीना देवी, उजाला हितैषी एक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

राजस्थान के बूँदी जिले के देईखेड़ा क्षेत्र में सोमवार रात को गैंता-माखिदा रोड पर एक ट्रक और चारे से भरी पिकअप के बीच टक्कर हो गई। टक्कर के कारण पिकअप में रखे सूखे चारे में आग लग गई, जिससे पिकअप पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि, इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। देईखेड़ा पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल हिम्मत सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात माखिदा गांव के पास इस हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा। उन्होंने लाखेरी से दमकल बुलवाकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। ट्रक में सीमेंट लदा हुआ था, जबकि पिकअप में सूखा चारा भरा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया। पिकअप में भरे चारे में आग लगने से उठने वाली लपटों ने सड़क पर वाहनों के आवागमन को बाधित कर दिया। यह सड़क कोटा, बारां और मध्यप्रदेश के श्योपुर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। आग और जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाते हुए यातायात को फिर से बहाल करवाया। यह घटना माखिदा रोड पर चार दिनों के भीतर हुई दूसरी घटना है। इससे पहले शनिवार को इसी सड़क पर सूखे चारे से भरी एक ट्रॉली पलटने से एक चालक की मौत हो गई थी। क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो हादसों का मुख्य कारण बनती जा रही है। दिनभर इस सड़क पर सूखे चारे से ओवरलोड ट्रैक्टर और पिकअप तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं, जो सड़क पर अन्य वाहनों के लिए खतरा पैदा करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण हादसों की संख्या बढ़ रही है। जिम्मेदार अधिकारियों के मौन रहने और फौरी कार्रवाई न करने से ये वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर चलते हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए और सख्त यातायात नियम लागू किए जाएं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है।